सांध्य दैनिक
# नई दृष्टिबिंदु
सच की शक्ति, जनता की दृष्टि
PRGI Reg No - CTHIN/25/A3746

**सु-विचार**
*" संघर्ष भी उन्हीं को चुनता है, जिनमे लड़ने की क्षमता हो ...!! "*
*अज्ञात...*

वर्ष-01 अंक-113 | संपादक आलोक तिवारी | दुर्ग, बुधवार 13 मई 2026 | पृष्ठ 08 | मूल्य -2 रुपए

# भाजपा की नई कोर कमेटी में युवाओं और सरकार को तरजीह, बृजमोहन सहित कई दिग्गज बाहर


## रणनीतिक बदलाव को पीढ़ीगत संतुलन और मिशन 2029 की तैयारी से जोड़कर देख रहे सियासी जानकार

*आलोक तिवारी / रायपुर*

छत्तीसगढ़ भाजपा ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए नई कोर कमेटी का गठन किया है। राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति से बनी इस अहम समिति में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल के साथ युवा चेहरों को प्रमुखता दी गई है। वहीं कई दिग्गज नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।












### नई टीम में कौन-कौन शामिल

नई कोर कमेटी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा शामिल हैं। सरकार से वित्त मंत्री ओपी चौधरी को भी जगह मिली है।

संगठनात्मक मोर्चे पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री पवन साय, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, वरिष्ठ नेता लता उसेंडी, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा और डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### इन बड़े नामों की छुट्टी

नई सूची में पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सरकार में मंत्री रामविचार नेताम और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को कोर कमेटी में स्थान नहीं मिला है। इन नेताओं का बाहर होना संगठन में बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

**सरकार-संगठन में तालमेल :** मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री समेत वित्त मंत्री को कमेटी में रखकर सरकार और संगठन के बीच सीधा संवाद तय किया गया है। इससे नीतिगत फैसलों में तेजी आएगी।

**पीढ़ीगत बदलाव :** ओपी चौधरी, अरुण साव, विजय शर्मा और किरण देव जैसे चेहरों को आगे कर भाजपा ने नई पीढ़ी को कमान सौंपने का संदेश दिया है। अमर अग्रवाल और लता उसेंडी जैसे अनुभवी नेताओं के साथ युवाओं का संतुलन साधा गया है।

**मिशन 2029 की तैयारी :** लोकसभा चुनाव के बाद अब भाजपा का फोकस 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव पर है। नई टीम को जमीनी स्तर पर संगठन विस्तार और बूथ मैनेजमेंट की जिम्मेदारी दी जाएगी।

**क्षेत्रीय-सामाजिक समीकरण:** कमेटी में सरगुजा से विष्णु देव साय और रामविचार नेताम की जगह पवन साय, बस्तर से किरण देव और लता उसेंडी, बिलासपुर से अमर अग्रवाल और ओपी चौधरी को रखकर क्षेत्रीय संतुलन बनाया गया है। ओबीसी, एसटी और सामान्य वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

बैठक में आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों, संगठन विस्तार और नई कार्यसमिति के गठन पर भी चर्चा हुई। नई कोर कमेटी के सामने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के साथ सदस्यता अभियान को धार देना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### बृजमोहन अग्रवाल का बाहर होना चर्चा में



छत्तीसगढ़ के अजय योद्धा सांसद और पार्टी के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल को कोर कमेटी से बाहर किया जाना सबसे बड़ा सियासी संदेश है। सियासी हलकों में इसे ह्यनए नेतृत्व को रास्ता देने और ह्यसंगठन में अनुशासन से जोड़कर देखा जा रहा है। रामविचार नेताम के पास पहले से सरकार में अहम मंत्रालय है, इसलिए उन्हें संगठन से मुक्त रखा गया।

कुल मिलाकर भाजपा ने यह साफ कर दिया है कि छत्तीसगढ़ में अब संगठन अनुभव के साथ ऊर्जा के फॉर्मूले पर चलेगा। यह बदलाव 2028-29 की बड़ी लड़ाई से पहले कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने की कोशिश है।

# इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में एनजीओ संचालक का शव मिला, इलाके में फैली सनसनी



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

डीडी नगर थाना क्षेत्र की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में सोमवार को एक मकान से एनजीओ संचालक का शव संदिग्ध हालत में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान माणिक मेहता, पिता स्व. बीडी मेहता के रूप में हुई है। शव घर के किचन में मिला।

**अकेले रहते थे माणिक मेहता :** जानकारी के अनुसार, माणिक मेहता इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित मकान में अकेले रहते थे। पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी गई।

**पुलिस और FSL की टीम मौके पर पहुंची :** सूचना मिलते ही डीडी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऋछ और क्राइम ब्रांच की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**मौत के कारणों का खुलासा नहीं :** फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

घटना वाटर वर्ल्ड के पीछे रोड स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी की है। मकान में लाश मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुटी है।

# यूनीपोल में चढ़ी युवती, मची अफरा-तफरी



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के शंकर नगर में सुबह-सुबह उस समय हंगामा मच गया जब वहां स्थित एक होर्डिंग में युवती चढ़ गई। करीब 40 मिनट तक होर्डिंग में चढ़ी रही युवती को बड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने नीचे उतारा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है, जहां होर्डिंग में चढ़ी युवती को उतारने में के लिए करीब 35 फिट ऊपर तक सीढ़ी लगाई गई। इसके अलावा नीचे बड़ी जाली भी बिछाई गई। पूरे वाकये के दौरान व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए मौके पर पुलिस तैनात रही। युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के बाद पुलिस उसे थाने ले गई है। युवती को देखने से लगता है कि वह दिमागी तौर पर कमजोर नजर आ रही थी। पुलिस युवती को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है।

# कुम्हारी खपरी में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, शोक की लहर

## मौके पर पहुंच स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री, सांसद और विधायक, मुआवजे की घोषणा

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग-कुम्हारी*

कुम्हारी थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 04 खपरी में गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में होमदास वैष्णव 40 वर्ष, लक्ष्मी वैष्णव 18 वर्ष, चांदनी वैष्णव 17 वर्ष और 2 वर्ष की मासूम गोपिका वैष्णव शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही दुर्ग प्रवास पर आए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव तत्काल घटनास्थल पहुंचे। दोनों मंत्रियों ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से चर्चा कर राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा की।



### कुल 9-9 लाख की सहायता

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत प्रत्येक मृतक के परिजन को 4-4 लाख रुपये अलग से दिए जाएंगे। इस तरह प्रत्येक मृतक के परिवार को कुल 9 लाख रुपये की सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना पर गहरा शोक जताया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, डोमनलाल कोरसेवाड़ा, ईश्वर साहू, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह समेत जिला प्रशासन की टीम और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी



थाना कुम्हारी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 04 खपरी रोड स्थित एक मकान में सोमवार को आकस्मिक आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 साल की बच्ची भी शामिल है। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, फायर ब्रिगेड और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार घटना में होमदास वैष्णव उम्र 40 वर्ष, लक्ष्मी वैष्णव उम्र 18 वर्ष, चांदनी उम्र 17 वर्ष और गोपिका उम्र 2 वर्ष की मौत हुई है। चारों शव मकान के भीतर मिले। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। मामले में वैधानिक कार्यवाही जारी है।

# नीट पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द, 22 लाख छात्रों का भविष्य लटका अधर में




*नई दृष्टिबिंदु / नई दिल्ली*

नीट का पेपर लीक होने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई है। इससे करीब 22 लाख छात्रों की तैयारी और उनके परिवारों की मेहनत पर पानी फिर गया। लगातार हो रहे पेपर लीक से छात्रों में आक्रोश है। आंकड़ों के अनुसार पिछले 10 साल में 89 से ज्यादा बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। छात्रों का कहना है कि हर बार पेपर लीक और धांधली के कारण उनकी सालों की मेहनत बेकार हो जाती है।

छात्र संगठनों ने आरोप लगाया है कि पेपर लीक माफिया लगातार सक्रिय हैं और हर साल लाखों युवाओं के सपने टूट रहे हैं। उनका कहना है कि बार-बार परीक्षा रद्द होने से छात्रों का मानसिक और आर्थिक नुकसान हो रहा है। परिवारों ने बच्चों की पढ़ाई पर बड़ी रकम खर्च की थी।

पेपर लीक की घटनाओं को लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि लगातार हो रही धांधली से परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और युवाओं का भरोसा टूट रहा है। छात्रों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की मांग की है।

### भाजपा राज में शिक्षा माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप

3 मई को आयोजित नीट परीक्षा का पेपर लीक होने और परीक्षा रद्द किए जाने पर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में शिक्षा माफिया को संरक्षण दिया जा रहा है और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है।

**एनटीएक की विश्वसनीयता पर सवाल :** वर्मा ने कहा कि बार-बार परीक्षाओं में धांधली से एनटीए की कार्यक्षमता, पारदशिर्ता और विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। 22 लाख छात्रों ने सालों मेहनत की, उन्हें दोबारा परीक्षा में झोंकना अन्याय है। मानसिक और आर्थिक जिम्मेदारी कौन लेगा। **दोषियों को इनाम देने का आरोप :** उन्होंने कहा कि 2024 में नीट पेपर लीक के बाद भी मोदी सरकार ने जवाबदेही तय नहीं की। तब लोगों का गुस्सा शांत करने के लिए एनटीए के डीजी को पद से हटाया गया, लेकिन बाद में उन्हें स्टील मिनिस्ट्री में पोस्टिंग दे दी गई। फिर छत्तीसगढ़ की भर्ती परीक्षाओं का प्रमुख बनाया गया और अब वे मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव हैं। वर्मा ने आरोप लगाया कि पेपर लीक के असल गुनहगारों को भाजपा सरकार का संरक्षण है और उन्हें बड़े पदों पर बैठाया जा रहा है। **शिक्षा मंत्री की चुप्पी पर सवाल :** वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में परीक्षा की सुचिता लगातार भंग हो रही है। भाजपा शासित राज्यों में ही पेपर लीक हो रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की खामोशी गंभीर विषय पर सरकार के संरक्षण की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का फंडा है कि जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम। इसी कारण बेखौफ होकर ऐसे कुकृत्य हो रहे हैं।




# ऊर्जा संरक्षण को जन-आंदोलन बनाएं : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## प्रधानमंत्री मोदी की अपील के बाद सीएम ने लिया फैसला काफिले में सिर्फ जरूरी वाहन रहेंगे

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से ईंधन संरक्षण और संसाधनों के संयमित उपयोग का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण की दिशा में उठाया गया हर कदम राष्ट्रनिर्माण में योगदान है। सीएम साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का समर्थन करते हुए इसे राष्ट्रीय दायित्व बताया।**

### सरकारी स्तर पर होगी ठोस पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के दौर में पेट्रोल-डीजल का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग जरूरी है। यह सिर्फ आर्थिक जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा विषय है।



इसी के तहत राज्य शासन शासकीय स्तर पर ईंधन खपत कम करने की ठोस पहल कर रहा है। सीएम साय ने बताया कि अब उनके आधिकारिक भ्रमण के दौरान काफिले में केवल अत्यावश्यक वाहन ही शामिल किए जाएंगे। मंत्रियों और निगम-मंडलों के पदाधिकारियों से भी सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग का आग्रह किया गया है।

### सरकारी वाहन होंगे इलेक्ट्रिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार परिवहन व्यवस्था को पर्यावरण अनुकूल बनाएगी। सभी शासकीय वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में बदला जाएगा। यह कदम ईंधन बचत के साथ प्रदूषण नियंत्रण और हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा देगा।

### जनता से की ये अपील

सीएम साय ने प्रदेशवासियों से सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने, कारपूलिंग अपनाने और अनावश्यक निजी वाहनों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव से बड़ा सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। यदि हर नागरिक ईंधन बचत को जिम्मेदारी माने तो यह अभियान जन-आंदोलन बन सकता है।

मुख्यमंत्री ने 'नेशन फर्स्ट' की भावना के साथ ईंधन संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर जागरूक कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक मजबूती में अहम योगदान देगा।

# ऑनलाइन आईपीएल सट्टा : दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार और आरोपी गिरफ्तार

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*



दुर्ग पुलिस द्वारा ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के मामले में पुलिस ने चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं बीएनएस की धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल 2026 को थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कंडरापारा में मुखबिर से सूचना मिली थी कि ऋषभ नगर निवासी विकास जैन आईपीएल क्रिकेट मैच चेन्नई और दिल्ली के बीच खेले जा रहे मुकाबले में मोबाइल फोन एवं ऑनलाइन एप के माध्यम से हार-जीत का दांव लगाकर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कार्रवाई की। मौके पर तीन व्यक्तियों को मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम विकास जैन, रौनक ताम्रकार और प्रवीण ताम्रकार बताए। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, पॉकेट डायरी, नगदी रकम एवं ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से संबंधित सामग्री जप्त की गई।

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध क्रमांक 187/2026 के तहत धारा 4, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं धारा 112(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के मेमोरण्डम कथन के आधार पर मामले में संलिप्त अन्य आरोपी अक्षत बोहरे, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद अय्युब एवं प्रकाश सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल फोन जप्त किए गए। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की विवेचना जारी है।

पुलिस के अनुसार आरोपी आईपीएल क्रिकेट मैचों में हार-जीत पर ऑनलाइन माध्यम से अवैध सट्टा खिलाकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान कुल 8 मोबाइल फोन, 9,810 रुपये नगद, सट्टा लेखा-जोखा संबंधित पॉकेट डायरी एवं डॉट पेन जप्त किए गए हैं। जप्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 89,810 रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों में विकास जैन (45 वर्ष), रौनक ताम्रकार (38 वर्ष), प्रवीण ताम्रकार (20 वर्ष), अक्षत बोहरे (39 वर्ष), मोहम्मद आदिल (35 वर्ष), मोहम्मद अय्युब (49 वर्ष) एवं प्रकाश सोनी (49 वर्ष) शामिल हैं।

इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली के उप निरीक्षक निर्मल सिंह ध्रुव, प्रधान आरक्षक राकेश निर्मलकर, आरक्षक कमलकांत अंगूरे, केशव कुमार, गजेन्द्र यादव तथा एसीसीयू टीम के सउनि संतोष कुमार मिश्रा, गुप्तेश्वर सिंह, भरत यादव, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह, आरक्षक नासिर बक्श, जुगनू तिवारी एवं महिला आरक्षक प्रतिभा तिवारी की सराहनीय भूमिका रही। आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के अवैध सट्टा, जुआ अथवा ऑनलाइन अवैध गतिविधियों से दूर रहें तथा ऐसी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

**खास खबर**

## सूने मकानों में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया, 6 आरोपी गिरफ्तार



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

थाना जामुल क्षेत्र में सूने मकानों में चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का दुर्ग पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 6 आरोपियों और एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, नगदी, टीवी और अन्य सामान बरामद हुआ है।

### दो अलग-अलग चोरी का खुलासा

पहली घटना 13 अप्रैल की रात हाउसिंग बोर्ड भिलाई में हुई। प्रार्थिया सिम्मी अहिरवार के सूने मकान का दरवाजा तोड़कर नगदी और चांदी का सामान चोरी कर लिया गया। वहीं दूसरी घटना 24 से 28 अप्रैल के बीच हुई। प्रार्थी देव सिंह थापा परिवार सहित बाहर गए थे। इस दौरान ताला और आलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, नगदी और घरेलू सामान चोरी हो गया। एसीसीयू और थाना जामुल की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की। आदतन आरोपी अर्जुन सिंह उर्फ गोरखा उर्फ सुखविन्द्र उर्फ सरदार को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने साथियों के साथ चोरी करना कबूला।

आरोपियों से सोने की अंगूठी, हार, लॉकेट, कान की बाली, चांदी का पायल, बिछिया, कड़ा, चेन, सिक्का, लोटा, एलसीडी टीवी बरामद हुआ। चोरी के पैसों से खरीदे गए वीवो कंपनी के 2 मोबाइल, घटना में प्रयुक्त एक्टिवा CG 04 DG 9853 और दरवाजा तोड़ने के औजार भी जब्त किए गए। पकड़े गए आरोपियों में अर्जुन सिंह उर्फ गोरखा 25 वर्ष, सोनू सरदार उर्फ पुच्ची 19 वर्ष, तोप सिंह बंजारे 30 वर्ष, शेख रशीद 29 वर्ष, हेमा जांगड़े 35 वर्ष, रूबी कौर 32 वर्ष और एक नाबालिग शामिल है। सभी आरोपी पहले भी चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहे हैं।

## दुर्ग में पुराने विवाद पर युवक की हत्या, 9 आरोपी हुए गिरफ्तार



**दुर्ग।** गया नगर दुर्ग में पुराने विवाद और छेड़छाड़ की बात को लेकर हुई मारपीट में एक युवक की हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

दुर्ग पुलिस के अनुसार 11 मई की रात करीब 10:30 बजे गया नगर में प्रार्थी पक्ष और आरोपी पक्ष के बीच बहन को छेड़ने की बात पर विवाद हुआ था। पुराने विवाद के चलते रात 1 बजे आरोपी आकाश उर्फ अक्कू, बिट्टू सारथी, आर्यन गुप्ता, लक्की सारथी और अन्य साथियों ने लाठी-डंडा, बल्ला और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में जितेश उर्फ रितेश ठाकुर उम्र 23 वर्ष, राहुल ठाकुर, नवीन ठाकुर और भोला यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। जितेश उर्फ रितेश को जिला शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राहुल ठाकुर का इलाज जारी है। पुलिस ने आकाश यादव उर्फ अक्कू 25 वर्ष, विजय सारथी उर्फ बिट्टू 26 वर्ष, आर्यन गुप्ता 20 वर्ष, लकी सारथी 17 वर्ष, भूपेंद्र सारथी उर्फ बनू 19 वर्ष, ललित यादव 23 वर्ष, युवराज सारथी 18 वर्ष, बलराम उर्फ बाली 22 वर्ष और नागेश यादव उर्फ नग 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। मौके से लाठी-डंडा, धारदार हथियार, पत्थर, ईंट और बल्ला बरामद किया गया है। प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई और विवेचना जारी है।

# एक बार फिर शहर सरकार बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कसी कमर

## जिला स्तर से बूथ स्तर तक जिम्मेदारी लेकर संघर्ष का आव्हान



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

- ☑ भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने निगम चुनावों को लेकर ली अहम बैठक
- ☑ महापौर, विधायक सहित सारे पदाधिकारी बूथ स्तर पर लेंगे जिम्मेदारी

नगर निगम भिलाई एवं रिसाली में होने वाले चुनाव को देखते हुए भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सोमवार, 11 जून को पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अहम बैठक ली। बैठक में महापौर नीरज पाल, विधायक देवेंद्र यादव सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। बैठक इस नतीजे पर पहुंची की जितने भी पदाधिकारी हैं वह सभी बूथ स्तर पर कमेटियों की जिम्मेदारी लें। बूथ स्तर पर हर गली, हर घर, पहुंचा जाए और लोगों के बीच कांग्रेस की रीति नीति का प्रचार प्रसार किया जाए। लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए और जो भी विकास कार्य हुए हैं उनसे उन्हें अवगत करा जाए। साथ ही भाजपा शासन काल में हो रही परेशानियों से उन्हें अवगत कराया जाए।

बैठक की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि 6 माह बाद होने वाले भिलाई नगर निगम एवं रिसाली नगर निगम चुनाव में एक बार फिर किस तरह जीत हासिल किया जाए उसकी रूपरेखा तैयार करने हम आज बैठे हैं। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपना अपना सुझाव दें ताकि जमीन स्तर पर किस तरह कार्य किया जाए। हम एक बार फिर दोनों निगमों में शहर सरकार बनाने संकल्पित हैं।

पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्पष्ट कहना था कि कांग्रेस कहीं से भी कमजोर नहीं है। कार्यकर्ता मेहनती हैं। बस हमें थोड़ा चिंतन करने की जरूरत है। बूथ से लेकर जिला स्तर तक कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए सभी को जिम्मेदारी दी जाए। पदाधिकारियों का कहना था कि कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट है और उत्साही हैं। उन्हें पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे। निगम चुनाव जीतने हम सभी पूरा दम लगा देंगे। कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। कई पदाधिकारियों का कहना था कि हर वार्ड में जनसुनवाई का कार्यक्रम किया जाना चाहिए ताकि पब्लिक हमसे जुड़ सके।

कुछ कार्यकर्ताओं ने असंतोष भी जताया कि कुछ लोग ठीक चुनाव के पहले सक्रिय होते हैं और टिकट ले जाते हैं। उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखते, इसके कारण बाद में कार्यकर्ताओं को फील्ड में दिक्कतें आती हैं। इससे पार्टी की छवि को काफी नुकसान होता है। पार्टी जिसे टिकट देना चाहे दे लेकिन पहले उसकी ईमानदारी और पार्टी के प्रति निष्ठा को देख ले।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने अपने बूथ का अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लेने की घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस के सारे पदाधिकारी बूथ की जिम्मेदारी लें। साथ ही पार्टी के जो वरिष्ठ लोग हैं उन्हें भी बूथ की जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि हम कहीं से कमजोर नहीं हैं बस हमें अपनी बात लोगों तक सच्चाई से पहुंचना है। साथ ही भाजपा द्वारा चलाए जा रहे प्रोपेगेंडा से लोगों को सावधान करना है।

महापौर नीरज पाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पिछले ढाई वर्ष से, जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में आई है जहां कांग्रेस के महापौर हैं वहां-वहां सारे कार्य ठप्प हो चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समय हमें फंड की कोई कमी नहीं थी इसलिए निगम के सभी वार्डों में खूब काम किया गया। लेकिन भाजपा सरकार के आते ही पूर्व की सभी योजनाएं रद्द कर दी गई, सारे विकास कार्य रोक दिए गए, महापौर निधि और पार्षद निधि तक रोक दी गई। भाजपा सरकार पूरे बदले की भावना से कार्य कर रही है ऐसे में आज लोग परेशान हैं। इस बात को हमें जनता तक पूरी ईमानदारी से पहुंचाना होगा।

बैठक को सुश्री नीता लोधी, बृजमोहन सिंह, सीजू एंथोनी, चंद्रकांत कोरे, भूपेश यादव, दिनेश पटेल, जोहन सिन्हा, दिनेश पटेल, अली हुसैन सिद्दीकी, भूपेन्द्र यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना : निगम ने 10 हितग्राहियों को आवास आवंटित किए



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

नगर पालिक निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शहर के विभिन्न आवासीय परिसरों में निर्मित मकानों के आवंटन की प्रक्रिया लगातार जारी है। निगम क्षेत्र के सरस्वती नगर, मां कर्मा बोरसी एवं गोकुल नगर में एएचपी घटक के तहत निर्मित किफायती एवं आकर्षक आवासों के लिए शहरवासियों में उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

निगम प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह प्राप्त आवेदनों के आधार पर पारदर्शी तरीके से लॉटरी के माध्यम से आवासों का आवंटन किया जा रहा है। इसी क्रम में गोकुल नगर में 1, सरस्वती नगर में 7 तथा मां कर्मा बोरसी में 2 आवासों के लिए कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवंटन किया गया। लॉटरी प्रक्रिया महापौर अलका बाघमार की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्रकार, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, रंजीता पाटिल तथा कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा उपस्थित रहे।

महापौर श्रीमती बाघमार ने हितग्राहियों को आवंटन पत्र प्रदान किए। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक हितग्राही ने स्वयं पर्ची निकालकर अपने आवास का चयन किया, जिससे पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। निगम प्रशासन ने जानकारी दी कि हितग्राहियों द्वारा सम्पूर्ण राशि जमा करने के बाद उन्हें आधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर महापौर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित मकानों में केवल पात्र हितग्राही ही निवास करेंगे। यदि कोई व्यक्ति आवास को किराये पर देता पाया गया तो निगम द्वारा आवंटन निरस्त करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम में दीपक संचेती, हिमांशु बेलेंद्रे (सीएलटीसी), रामदास साहू सहायक ग्रेड-03 सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# स्वदेशी जागरण मंच युवाओं को स्व-उद्यमिता से जोड़ने सक्रिय, 30 मई तक होंगे प्रशिक्षण

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आर्थिक क्षेत्र में कार्यरत अनुसांगिक संगठन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा युवाओं को स्व-उद्यमिता की दिशा में प्रेरित एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में जगदलपुर में इनोवेशन महाकुंभ 1.0 का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें बस्तर के सुदूर वनांचल क्षेत्रों से आए 1743 युवा छात्र-छात्राओं एवं 200 पुर्नवासित नक्सलियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कायर्शाला के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल उपस्थित रहे, जबकि समापन सत्र में मुख्यमंत्री ने सहभागिता की। इसके साथ ही प्रदेश सरकार के तीन कैबिनेट मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन हेतु Indian Institute of Technology Roorkee सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों से विशेषज्ञों ने सहभागिता निभाई।

इसी क्रम में दुर्ग संभाग के छह जिलों में 30 मई तक स्वदेशी जागरण मंच द्वारा विस्तार अभियान, एक दिवसीय जिला विचार वर्ग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर दुर्ग के सुभाष नगर स्थित दुर्ग संभाग कार्यालय में बैठक आयोजित कर विस्तृत योजना बनाई गई।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में दिनेश पाटिल, प्रांत सह संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। इस अवसर पर दुर्ग जिला सह संयोजक मोहन बागुल, गीतेश साव (जिला समन्वयक, स्वावलंबी भारत अभियान), श्रीमती दिव्या भसीन (जिला महिला कार्य प्रमुख), श्वेता कनोजिया (दुर्ग नगर महिला कार्य प्रमुख), पूनम साव, अनिमेष रॉय, हीरालाल साहू, हेमंत देशमुख, फूलदास साहू, सरोजनी पाणिग्रही, विनय लक्ष्मी, टीना सतपुते, गीतांजली कौशिक, प्रणोति जैन, सुधा पवार, विम्भी पवार, अंजू राव, कामता साहू एवं चंद्रेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रांतीय संगठन द्वारा निर्देशित कार्यों को सक्रियता से संपादित करने की सहमति जताई। साथ ही दुर्ग संभाग की जिम्मेदारी पोषण साहू एवं श्रीमती दिव्या कलिहारी को सौंपी गई।

**उधारकर्ता आयोग गठन और डिजिटल करेंसी में पारदर्शिता की उठेगी मांग**

# बैंकिंग प्रताड़ना के खिलाफ 14 मई को भिलाई-दुर्ग में जन अधिकार आंदोलन

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं और आर्थिक प्रताड़ना के विरोध में 14 मई को दोपहर 12 बजे से भिलाई-दुर्ग में जन अधिकार आंदोलन होगा। आयोजकों का कहना है कि आंदोलन का उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### उधारकर्ता आयोग बनाने की मांग

संयोजक रजत सिंह भारतीय ने बताया कि कई नागरिक रिकवरी सिस्टम, नोटिस प्रताड़ना और मानसिक दबाव जैसी समस्याएं झेल रहे हैं। आम लोगों को सुनवाई के लिए प्रभावी मंच नहीं मिलता। आंदोलन में उधारकर्ता आयोग के गठन की मांग प्रमुखता से उठेगी ताकि ऋण लेने वालों के अधिकार सुरक्षित रहें।

### CBDC और ऋण वितरण पर सवाल




कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी को लेकर पारदर्शिता की मांग रखी जाएगी। आंदोलनकारियों का कहना है कि जनता को पता होना चाहिए कि डिजिटल मुद्रा का संचालन कौन कर रहा है और नीतियां कैसे काम कर रही हैं। आंदोलन में यह मुद्दा भी उठेगा कि देश में करीब 38 लाख करोड़ रुपये की मुद्रा प्रचलन में है, जबकि सरकारी बैंकों ने ही 107 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण बांट दिया है। निजी बैंक और वित्तीय कंपनियों ने भी उपलब्ध मुद्रा से कई गुना अधिक ऋण दिए हैं। आंदोलनकारियों ने इसे गंभीर आर्थिक अनियमितता बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

दोपहर 12 से 1:30 बजे तक पंजीकरण और विशेषज्ञों का संबोधन होगा। 1:30 से 2:30 बजे तक भोजन और जलपान रहेगा। 2:30 से 4 बजे तक बैंकों के कथित षड्यंत्र और जनता पर प्रभाव को लेकर चर्चा होगी। 4 बजे से 4:30 बजे तक धरना स्थल से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### शांतिपूर्ण सहभागिता की अपील

आयोजकों ने सामाजिक संगठनों, अधिवक्ताओं, युवाओं, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों और आम नागरिकों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की है। संयोजकों ने कहा कि यह आंदोलन किसी संस्था या व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि आर्थिक अन्याय और नागरिक अधिकारों के हनन के खिलाफ जनता की आवाज है।

# आम्रपाली कॉलोनी में 14 को होगा श्रीराम मंदिर का भव्य उद्घाटन

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय और विधायक रिकेश सेन करेंगे लोकार्पण

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

एमपी हाउसिंग बोर्ड के समीप आम्रपाली कॉलोनी में नवनिर्मित भगवान श्री राम मंदिर का भव्य उद्घाटन 14 मई को होगा। कॉलोनीवासियों के सहयोग से बना यह मंदिर धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का नया केंद्र बनेगा।

### 250 परिवारों की कॉलोनी में हर्ष का माहौल



आम्रपाली वनांचल सिटी वेलफेयर सोसायटी के अनुसार कॉलोनी में करीब 250 परिवार रहते हैं। यहां लंबे समय से सार्वजनिक श्री राम मंदिर की जरूरत महसूस की जा रही थी। कॉलोनीवासियों की आस्था और सामूहिक सहयोग से मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है। मंदिर बनने से लोगों में उत्साह है।

समिति अध्यक्ष पी.एस. सिंह ने बताया कि उद्घाटन समारोह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम में पूजा-अचर्ना, हवन, धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन होंगे। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण, दोपहर से रात तक खिचड़ी वितरण और विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। मुख्यद्वार के पास भोजन और प्रसाद की समुचित व्यवस्था रहेगी।

समिति ने कहा कि यह मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं होगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी बनेगा। यहां समय समय पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति ने मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों का आभार जताया है।

# एक ही जगह सभी अधिकारियों की उपस्थिति से आम नागरिको को नहीं लगाना पड़ता चक्कर : मंत्री देवांगन

## शहरी क्षेत्र के परिवहन नगर जोन के सुशासन तिहार में शामिल हुए उद्योग मंत्री, हितग्राहियों को योजनाओं से किया लाभान्वित, सामग्री का किया वितरण

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जिले में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इस कड़ी में परिवहन नगर वार्ड के नगर अंतर्गत शहरी वाडी की समस्याओं के निराकरण के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ट्रांसपोर्ट नगर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा के विधायक और प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। उन्होंने स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया।

नगर पालिक निगम अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर जोन कार्यालय में वार्ड के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में प्रदेश में एक मई से 10 जून तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार अन्तर्गत अलग अलग शिविर लगाए जा रहे है।

गर्मी और धूप होने के बाद भी आमनागरिको की समस्याओं को सुनने और निराकरण के लिए शासन-प्रशासन का पूरा अमला ही नहीं लगा है, प्रदेश के मुख्यमंत्री और मंत्री सहित सभी बड़े अधिकारी भी दूरस्थ क्षेत्र में जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अचानक से किसी भी गाँव का दौरा कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तिहार का आयोजन के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष धन्यवाद दूंगा कि उनकी इस पहल का लाभ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरत मंद लोग उठा पाते हैं।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि यह शिविर सभी के लिए लाभदायक है। इस शिविर में आसानी से किसी समस्या का निराकरण हो पाता है, क्योंकि इसमें सभी अधिकारी मौके पर ही उपस्थित होते है। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने गरीब कल्याण के लिए योजनाएं बनाई है। पीएम आवास योजना से गरीब वर्ग को लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा के विकास के लिए डीएमएफ से भी बड़ी राशि स्वीकृत होने और बुनियादी आवश्यकता बिजली, पानी, सड़क, आंगनबाड़ी, स्कूल, अस्पताल बनने की बात कही। मंत्री श्री देवांगन ने सुशासन तिहार का लाभ उठाने और आमनागरिको को जागरूक करते हुए उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की।

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को लोगों की बड़ी चिंता है वे उनको योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। सुशासन तिहार भी एक जरिया है जिसमें हर वार्ड के लोगो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण की कोशिश कर रहे हैं। वार्ड में जो भी मूलभूत आवश्यकता है उसे पूरा किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी शिविर में है। आम नागरिक इस शिविर का लाभ जरूर उठाये।

निगमायुक्त आशुतोष पांडेय ने नगर पालिक निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों को विस्तार से बताया। उन्होंने गत वर्ष प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी और कहा कि सुशासन तिहार में जो भी शिकायत और मांग है उसे सूचीबद्ध कर निराकरण किया जाएगा। उन्होंने परिवहन नगर वार्ड के गतिविधियों, विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं से सम्बंधित बड़े महत्वपूर्ण कार्यों को भी बताया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन ने शिविर में लगाये गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद श्रीमती प्रेमलता बंजारे, रामकुमार साहू, पार्षद नरेन्द्र देवांगन आदि उपस्थित रहे।

**खास खबर**

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होगा 'पत्रकारिता मार्तण्ड उत्सव'



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया उत्सव पोस्टर का विमोचन, सफल आयोजन की दी शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में रायपुर प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 30 मई को आयोजित पत्रकारिता मार्तण्ड उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने पत्रकारिता मार्तण्ड उत्सव के पोस्टर का विमोचन भी किया।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि यह आयोजन हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा, लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका तथा पत्रकारिता के योगदान को सम्मानित और स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम में प्रदेश एवं देश के वरिष्ठ पत्रकारों, संपादकों, मीडिया विशेषज्ञों, साहित्यकारों तथा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियों की सहभागिता रहेगी। आयोजन के अंतर्गत पत्रकार सम्मान, विचार गोष्ठी, विशेष व्याख्यान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार आर. कृष्णा दास, प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष गौरव शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल : हाथी के हमले में जान गंवाने वाले ग्रामीणों के परिजनों को त्वरित राहत



**रायपुर।** महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देशों पर जिला प्रशासन और वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए सूरजपुर जिला के कल्याणपुर में हाथी हमले के शिकार हुए हितग्राहियों के परिजनों को मुआवजा राशि का वितरण कर दिया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था कि पीड़ित परिवारों को बिना किसी विलंब के सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

सूरजपुर जिले के कल्याणपुर निवासी दो ग्रामीणों की हाथी हमले में मृत्यु होने के पश्चात, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग (सूरजपुर मंडल) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई की गई। विभागीय दस्तावेजों के अनुसार, दोनों प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजा राशि स्वीकृत कर वितरित की गई है, जिनमें हितग्राही श्रीमती कांति भोई को डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में 5 लाख 50 हजार रूपए एवं श्रीमती राजेश्वरी सिंह श्याम को डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में 5 लाख 50 हजार रूपए भेज दी गई है। साथ ही डिविजनल फारेस्ट ऑफिसर सूरजपुर को 50-50 हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया गया है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ा होना सुशासन सरकार की प्राथमिकता है। हाथी-मानव द्वंद्व को कम करने के लिए प्रशासन सजग है और प्रभावितों को हर संभव मदद दी जाएगी। इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवारों को आर्थिक संबल मिला है, जिसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# नगरीय प्रशासन विभाग की नई सचिव शंगीता आर. पहुंची इंद्रावती भवन

## विभागीय संचालनालय व सूडा कार्यालय का किया भ्रमण, अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की नई सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने नवा रायपुर में इंद्रावती भवन पहुंचकर विभागीय संचालनालय और सूडा कार्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने इस दौरान सभी कार्यालयीन कक्षों में जाकर अधिकारियों-कमर्चारियों से बातचीत कर उन्हें कार्यस्थील पर समयबध्द् उपस्थिति, प्रशासनिक कुशलता और तन्मयता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभागीय तथा सूडा के अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नगरीय प्रशासन विभाग की नवपदस्थ सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने इंद्रावती भवन में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों और योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने नगरीय निकायों के कार्यों, योजनाओं, अधोसंरचना विकास, स्वच्छता, जलप्रदाय, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन तथा अन्य शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सर्वजन हिताय के मूल-मंत्र को ध्यामन में रखते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए समयबध्द तरीके से कार्य करने के लिए अधिकारियों को प्रेरित किया।

सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रभावी रूप से उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कार्यों और परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति तथा आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। विभागीय योजनाओं के बेहतर संचालन, कार्यों में तेजी लाने तथा नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई।

विभागीय सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने बैठक में साझा किया कि आज ही के दिन वर्ष 2005 में उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया था। उन्होंने इस विशेष पल को याद करते हुए अपने निजी जीवन और प्रशासनिक सफर के अहम पड़ावों को बैठक में मौजूद लोगों के साथ साझा किया।

सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, मुख्य अभियंता राजेश शर्मा और संयुक्त संचालक मिथिलेश अवस्थी सहित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और सूडा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद थे।

## बिलासपुर की शिविका पांडेय बनीं राज्य स्तरीय स्केटिंग चैंपियन, चोट के बावजूद जीता गोल्ड




*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

शिविका पांडेय बनीं राज्य स्तरीय स्केटिंग चैंपियनरायपुर के सरोना स्थित निजी पब्लिक स्कूल के स्केटिंग ग्राउंड में 9 एवं 10 मई 2026 को प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रोलर स्पोर्ट्स रैंकिंग चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर की होनहार खिलाड़ी शिविका पांडेय ने अपनी प्रतिभा और अदम्य साहस का लोहा मनवाते हुए राज्य स्तरीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

शिविका ने 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग के ट्वॉय इनलाइन स्केट स्पर्धा में हिस्सा लिया। 9 मई को आयोजित 400 मीटर रेस के दौरान वे गंभीर रूप से चोटिल हो गई थीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और घायल अवस्था में ही रेस पूरी कर कांस्य पदक जीता। अगले ही दिन, उसी चोट और दर्द के बावजूद, शिविका ने 200 मीटर रेस में असाधारण प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया और अपने आयु वर्ग की ओवरऑल चैंपियन बनीं।

शिविका पांडेय बिलासपुर के बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की छठवीं कक्षा की छात्रा हैं और रॉयल स्केटिंग क्लब, बिलासपुर में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। उनकी इस सफलता पर उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। शिविका के माता-पिता चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। डॉ. श्वेता पांडेय आयुर्वेद चिकित्साधिकारी हैं और डॉ. विद्या भूषण पांडेय (विभागाध्यक्ष - बालरोग विभाग), शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय महाविद्यालय, बिलासपुर में पदस्थ हैं। उल्लेखनीय है कि शिविका स्वयं स्वर्ण प्राशित (आयुर्वेदिक इम्युनिटी बूस्टर प्राप्त) हैं। उनके पिता डॉ. विद्या भूषण पांडेय नियमित रूप से स्वर्ण प्राशन शिविरों का आयोजन कर बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

# मातृत्व दिवस के अवसर पर रायपुर कमिश्नरेट पुलिस की महिला टीम पहुंची वृद्धाश्रम

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



मातृत्व दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट रायपुर की उअह विंग की महिला टीम चितवन वृद्धाश्रम टिकरापारा पहुंची। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त डॉ. अचर्ना झा, महिला थाना प्रभारी श्रीमती अचर्ना धुरंधर एवं पिंक पेट्रोल यूनिट की महिला टीम के द्वारा वृद्ध आश्रम में उपस्थित महिलाओं के बीच, उन्हें पुष्प से उनका सम्मान कर, उनका आशीर्वाद लिया। माताओं उनसे बात बातचीत कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में उपस्थित माताओं के साथ केक काटकर उन्हें उपहार भेंट किया गया। पुलिस टीम ने उनके साथ वक्त बिताया ताकि उन्हें अपनापन का एहसास हो और वह अकेलापन महसूस ना करें।

रायपुर कमिश्नरेट में महिला सुरक्षा हेतु कार्यरत पिंक पेट्रोल यूनिट एवं उसकी कार्यों के संबंध में भी उन्हें अवगत कराया गया। उसके पश्चात मदर टेरेसा मनोरोग संस्था में पहुंचे और उन माताओं एवं बालिकाओं के साथ में समय बिताया जो मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहे हैं और कई सालों से अपने परिवार से दूर हैं पुलिस अधिकारियों के द्वारा उन माताओं एवं बालिकाओं फूल और मिठाइयां भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस टीम उनके साथ बैठकर बातें की और उनका हाल-चाल जाना। इस मौके पर एक छोटा सा संगीत कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें बालिकाओं के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

मातृत्व दिवस के अवसर पर पुलिस टीम ने बताया कि पुलिस का काम सिर्फ कानून व्यवस्था संभालना ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग से जुड़ना भी है इन महिलाओं को अपनापन की सबसे ज्यादा जरूरत है, आज पिंक पेट्रोल यूनिट को महिला स्टाफ ने कहा कि आज वृद्ध माताओं के साथ वक्त बिताकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर अत्यंत सुकून और ममत्व एवं स्नेह का अनुभव मिला है, जिनकी आजीवन अविस्मरणीय रहेगा।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, अनुशासन, मेहनत और स्वस्थ दिनचर्या ही उपलब्धि की असली कुंजी - मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री साय ने प्रावीण्य सूची के मेधावी विद्यार्थियों से की आत्मीय चर्चा

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइन्स रायपुर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों के साथ बेहद सहज और प्रेरणादायी संवाद करते हुए उनके सपनों, पढ़ाई की दिनचर्या, सफलता के अनुभव और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री निवास का वातावरण इस दौरान उत्साह, प्रेरणा और आत्मीयता से भर उठा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली सबसे बड़ी शक्ति है। शिक्षा ही व्यक्ति और समाज के विकास का मूल आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया और उनसे पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस और अन्य क्षेत्रों में जाकर देशसेवा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की आकांक्षाओं की सराहना करते हुए कहा कि बड़े सपने देखने वाले ही जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई की दिनचर्या और सफलता के अनुभव भी साझा करवाए। उन्होंने कहा कि नियमित दिनचर्या, समय का सही प्रबंधन और निरंतर अभ्यास सफलता की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी अपने जीवन में अनुशासित दिनर्चया का पालन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग, नियमित व्यायाम और संतुलित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि योग व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं प्रतिदिन योग करते हैं और अत्यधिक व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य के लिए समय निकालते हैं।

विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संघषर्पूर्ण जीवन की यात्रा भी साझा की। उन्होंने बताया कि बचपन में ही उनके पिता का निधन हो गया था, जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारियां कम उम्र में ही उनके कंधों पर आ गईं। खेती-किसानी, छोटे भाइयों की पढ़ाई और परिवार की देखभाल के बीच उन्होंने जीवन का संघर्ष देखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कभी यह नहीं सोचा था कि वे राजनीति में इतने बड़े दायित्व तक पहुंचेंगे, लेकिन जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते गए। उन्होंने कहा कि जीवन में परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि व्यक्ति मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ता है, तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संघर्ष ही व्यक्ति को मजबूत बनाता है और चुनौतियां ही जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक होती हैं।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को बताया कि सार्वजनिक जीवन में समय प्रबंधन और जिम्मेदारी का महत्व बहुत अधिक होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें प्रदेश के सभी विभागों और जनसमस्याओं पर लगातार ध्यान देना होता है। सुशासन तिहार के माध्यम से वे लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और योजनाओं की वास्तविक स्थिति का फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहने से ही ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। यदि वे राजनीति में नहीं आते, तो एक अच्छे किसान बनकर खेती और कृषि नवाचार के क्षेत्र में कार्य करते। उन्होंने कहा कि आज कृषि के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं और पढ़े-लिखे युवा आधुनिक खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों के माध्यम से रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और शिक्षकों के प्रति सम्मान बनाए रखने की सीख देते हुए कहा कि जीवन की पहली शिक्षा परिवार और गुरु से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता और शिक्षक ही विद्यार्थियों की सफलता के सबसे बड़े आधार होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के ये मेधावी विद्यार्थी आने वाले समय में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कहा कि आज का छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब गांवों में प्राथमिक शिक्षा तक की सुविधाएं सीमित थीं, लेकिन आज प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक स्कूल, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों का विस्तार हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वतर्मान समय में छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के अनेक प्रतिष्ठित संस्थान उपलब्ध हैं, जिससे प्रदेश के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इस अवसर पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये मेधावी छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता, आधुनिक संसाधनों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने और प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मेधावी विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री आवास परिसर का भ्रमण किया, वहां की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा तथा शासन-प्रशासन के संचालन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान बच्चों ने आवास परिसर में आम भी तोड़े और आत्मीय वातावरण में आनंदपूर्ण क्षण बिताए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बच्चों से बेहद सहजता और अपनत्व के साथ संवाद किया, जिससे विद्यार्थी अत्यंत प्रफुल्लित और प्रेरित नजर आए। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री निवास के अनुभव को अपने जीवन का यादगार और प्रेरणादायी क्षण बताया।

उल्लेखनीय है कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले इन मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप राज्य शासन की पहल पर एक दिन पूर्व नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल क्रिकेट मैच देखने का अवसर भी प्रदान किया गया था। विद्यार्थियों ने इस अविस्मरणीय अनुभव के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संपादकीय

## वामदलों, कांग्रेस ने ममता के एकता प्रस्ताव को नकारा

**जब भी भाजपा चुनाव जीत जाती है और विपक्ष में रहने वाला सत्तारूढ़ दल चुनाव हार जाते हैं तो हारे हुए दलों को लगता है कि विपक्षी एकता न होने के कारण चुनाव हारे हैं। सारे विपक्षी दलों ने चुनाव में भाजपा को हराने के लिए मदद नही की। पं .बंगाल की टीएमसी सर्वेसर्वा ममता बैनर्जी को तो ऐसी शिकायत नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस व वाम दल तो पं .बंगाल के चुनाव में चाहते थे कि ममता उनके साथ मिलकर चुनाव लड़े लेकिन ममता को लगता था कि वह इन लोगों को चुनाव में साझीदार बनाएगी तो यह राज्य में मजबूत हो जाएंगे और उसे ही चुनौती देंगे। पं . बंगाल में जब कांग्रेस सत्ता मे थी तो अकेले चुनाव लड़ती थी, वामदलों की सरकार बनी तो वामदल भी अकेले चुनाव लड़ते थे। क्योंकि जिससे सत्ता छीनी जाती है , उसे सत्ता का साझेदार तो बनाया नहीं जाता। वाम दलों ने कांग्रेस को नहीं बनाया और ममता ने इसीलिए वामदलों व कांग्रेस को नहीं बनाया।**

पं. बंगाल में तो यह परंपरा चली आ रही हैं कि जो सरकार में होता है, वह चुनाव अकेले ही लड़ता है क्योंकि वह अकेले चुनाव जीत सकता है। कांग्रेस अकेले चुनाव जीतती रही है, वामदल अकेले चुनाव जीतते रहे हैं। ममता तीन बार अकेले चुनाव जीती है ।सत्तारुढ़ दल चुनाव अकेले हार जाता है तो उसे लगता है कि जिसने उसे हराया है, उसे हराने के लिए अब उसे विपक्ष के दलों की जरूरत है ।कांग्रेस,वामदल बंगाल में चुनाव हारे तो उनको लगा कि ममता ने उनको हराया इसलिए उनको ममता को हराने के लिए मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। अब ममता को भाजपा ने हरा दिया है तो ममता को लग रहा है कि उसे भाजपा को हराना है तो उसे कांग्रेस वामदलों की जरूरत है यानी अब ममता सत्ता मे नहीं है तो उसे विपक्ष की याद आ रही है कि विपक्षी एकता कितनी जरूरी है।

चुनाव हारने के बाद ममता ने कहा कि मैं बंगाल के सभी विपक्षी दलों, छात्र संगठनों, एनजीओ, सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करती हूं कि भाजपा का विरोध करने के लिए सभी मिलकर एक साझा मंच बनाएं। उन्होंने राष्ट्रीय पार्टियों सहित वामपंथियों, अतिवामपंथियों से भी आग्रह किया कि वे बंगाल के साथ ही दिल्ली में एकजुट हों। अगर कोई राजनीतिक दल मुझसे बात करना चाहता है तो मै उपलब्ध हूं। हमे याद रखना होगा कि अब हमारा पहला दुश्मन भाजपा है। ममता के आग्रह को तो पं. बंगाल के कांग्रेस व वामदलों ने तो ठुकरा दिया है। उन्होंने बीजेपी के खिलाफ एकजुट होने के लिए उनके साथ आने से इंकार कर दिया है। उनका साफ कहना है कि हम टीएमसी के साथ किसी तरह का गठबंधन नहीं करेंगे। पं.बंगाल के विपक्ष का कहना है कि ममता की अपील पर हम ऐसे किसी व्यक्ति को स्वीकार नहीं करेंगे जिसकी पहचान अपराध, उगाही, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिक राजनीति से जुडी.हो।

पं.बंगाल कांग्रेस का कहना है कि ममता ने तो सालों तक वामदलों व कांग्रेस को खत्म करने की कोशिश की है। चुनाव में हमारे खिलाफ दुष्प्रचार किया। उनकी रीति नीति से ही बंगाल मे भाजपा मजबूत हुई है और आज भाजपा ने उनको हरा दिया है तो उनको भाजपा को हराने के लिए विपक्ष की मदद की जरूरत है। वामदलों व कांग्रेस के एकता के प्रस्ताव को ठुकरा देने से विपक्षी एकता फिलहाल को होने से रही खासकर बंगाल में। ममता तो चाहती रहीं है कि विपक्ष उनको नेतृत्व का मौका दे। जब पं.बंगाल में ममता सत्ता में थी तो वह पीएम मोदी व भाजपा को हराने वाली नेता खुद को मानती थी और खुले आम कहती थी वही दिल्ली में पीएम मोदी व भाजपा को हरा सकती है। बशर्ते विपक्ष उनके नेतृत्व करने का मौका दे ।कई बार उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व को चुनौती देने की कोशिश भी की। जो राहुल चाहते थे वह संसद के भीतर व बाहर वैसा नहीं करती थी।

अब जब ममता चुनाव हार चुकी हैं और पं.बंगाल में भाजपा की सरकार बन गई है तो उसे विपक्षी एकजुटता जरूरी लग रही है। कांग्रेस के लिए तो यह मौका है कि ममता को राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार करने का मौका दिया जाए। इसलिए अभी दिल्ली में कांग्रेस की तरफ से विपक्षी एकता के ममता के नारे पर कुछ कहा नहीं गया है ।चुनाव में ममता व स्टालिन के चुनाव हारने के बाद अब विपक्ष में सारे विपक्षी दल के नेता भाजपा व मोदी से हारे हुए नेता हो गए हैं। अब तक ममता व स्टालिन ही ऐसे नेता जो चुनाव हारे नहीं थे अब वह भी चुनाव हारे हुए नेता है, इसलिए अब कांग्रेस की कोशिश होगी कि सारे हारे हुए नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट हो और कांग्रेस जैसा चाहती है वैसा करें। लेकिन ममता के कारण यह इतना आसान नहीं है क्योंकि कुछ नेता चाहते है कि दिल्ली मे विपक्ष का नेतृत्व ममता करे और कांग्रेस ऐसा नहीं चाहती है क्योंकि इससे राहुल गांधी दूसरे नंबर के नेता हो जाते है और उनको ममता का नेतृत्व स्वीकार करना पड़ेगा। फिर राहुल गांधी पीएम पद के दावेदार भी नहीं रह जाएंगे। अभी तो विपक्ष में नेतृत्व की लड़ाई लड़ी जाएगी। उसके बाद विपक्षी एकता के लिए किसी तरह का प्रयास होगा।

## उम्मीद पर जल्द ही पानी फिर गया

**अमेरिका ने ऐसा रुख अपनाया है, जैसे दोनों पक्षों के बीच युद्ध कभी हुआ ही नहीं हो! उधर ईरान का नजरिया है कि 39 दिन के युद्ध ने समीकरण बदल दिए हैं और वह अपनी बात मनवाने की स्थिति में है।**

ईरान और अमेरिका/ इजराइल के शांति समझौते की दिशा में बढ ? की जागी उम्मीद पर जल्द ही पानी फिर गया। ईरान के होरमुज डलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद अब दोनों तरफ से मोर्चाबंदी तेज होने की खबरें हैं। लेबनान में युद्धविराम लागू होने और उसके बाद ईरान के होरमुज जल मार्ग को खोलने का एलान करते ही जिस तरह डॉनल्ड ट्रंप ने ताबड़तोड़ सोशल मीडिया पोस्ट डाले, संकेत हैं कि उनसे बात फिर बिगड़ गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने संभवतः वैसे दावे भी कर दिए, जिन पर सहमति नहीं बनी थी और जिनसे ईरान के समर्पण कर देने का संदेश जाता था।

नतीजतन, ईरान ने जवाबी कार्रवाई कर दी। वैसे भी दोनों पक्षों के आकलन में खाई इतनी चौड़ी है कि किसी जल्द समाधान की गुंजाइश नहीं बनती। पहले इस्लामाबाद में हुई प्रत्यक्ष वार्ता और फिर पाकिस्तान की मध्यस्थता में जारी परोक्ष बातचीत में अमेरिका ने इस तरह रुख अपनाया है, जैसे दोनों पक्षों के बीच युद्ध कभी हुआ ही नहीं हो! उधर ईरान का नजरिया ऐसा है कि 39 दिन के युद्ध ने समीकरण बदल दिए हैं और अब वह अपनी बातें मनवाने की स्थिति में है। ईरान इस नतीजे पर था कि उसके दबाव में अमेरिका ने लेबनान में युद्धविराम के लिए इजराइल को मजबूर किया। इसके बाद होरमुज जल मार्ग को सशर्त खोल कर उसने अगली सौदेबाजी की जमीन तैयार की।

मगर, ट्रंप ने होरमुज की नौसैनिक घेराबंदी जारी रखने का एलान कर ईरान के इस कदम को निष्प्रभावी कर दिया। साथ ही उन्होंने दावा किया कि ईरान अपना संवर्धित यूरेनियम किसी अन्य देश को सौंपने पर राजी हो गया है। संकेत हैं कि इससे ईरान में इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ( आआरजीसी) और सख्त रुख रखने वाले अन्य समूहों में तीखी प्रतिक्रिया हुई। इससे कूटनीतिक नजरिया अपना रहे ईरानी अधिकारी सख्त रुख अपनाने पर मजबूर हो गए। इस तरह फिर से युद्ध का साया लौट आया है। ये लड़ाई दुनिया में गंभीर किस्म का ऊर्जा एवं आर्थिक संकट पहले ही खड़ा कर चुकी है। अब ये फिर तेज हुई, तो संकट और भयानक रूप ग्रहण कर सकता है।

# मिट्टी की सौंधी महक, परंपराओं की खुशबू और लोकजीवन की मिठास

## छत्तीसगढ़ जहां हर परंपरा में बसती है संस्कृति की आत्मा

*दीपक कुमार यादव, पीआरओ पर्यटन एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन*

**आज आधुनिकता और वैश्वीकरण के दौर में भी छत्तीसगढ़ अपनी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजकर आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार, सांस्कृतिक संस्थाएं और स्थानीय समुदाय लोककला, लोकनृत्य और जनजातीय परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। पर्यटन और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से प्रदेश की कला और संस्कृति को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल रही है।**



छत्तीसगढ़ की संस्कृति केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान समाज की जीवंत चेतना है। यहां की लोक परंपराएं लोगों को प्रकृति से जुड़ना, सामूहिक जीवन जीना और अपनी जड़ों से जुड़े रहना सिखाती हैं। लोकगीतों की मधुर धुन, मांदर की गूंज, त्योहारों की जीवंतता और लोगों की सहज आत्मीयता मिलकर छत्तीसगढ़ को भारतीय संस्कृति की एक अद्वितीय और गौरवशाली पहचान प्रदान करती है।

छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक कला और जीवंत लोकजीवन के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। यहां की संस्कृति मिट्टी की सोंधी खुशबू, लोकगीतों की मधुरता, जनजातीय परंपराओं की आत्मीयता और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण है। यह प्रदेश विविधताओं से भरा हुआ ऐसा सांस्कृतिक क्षेत्र है, जहां आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव के बावजूद लोकपरंपराएं आज भी लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनी हुई हैं। गांवों की चौपालों से लेकर जनजातीय अंचलों तक यहां की संस्कृति हर पल जीवंत दिखाई देती है।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली रही है। प्राचीन काल में यह क्षेत्र दक्षिण कोसल के नाम से प्रसिद्ध था। रामायण काल से जुड़े अनेक प्रसंग यहां की धरती से संबंधित माने जाते हैं। जनश्रुतियों के अनुसार भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का लंबा समय इसी क्षेत्र में व्यतीत किया था। यही कारण है कि यहां की लोक आस्था, धार्मिक परंपराओं और लोकगीतों में रामकथा का विशेष प्रभाव दिखाई देता है। समय के साथ यहां आदिवासी संस्कृति, ग्रामीण जीवन और विभिन्न समुदायों की परंपराओं ने मिलकर एक अनूठी सांस्कृतिक पहचान का निर्माण किया है।

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का सबसे सशक्त पक्ष यहां की लोकभाषा और लोकगीत हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा की मिठास और सहजता लोगों के व्यवहार में स्पष्ट रूप से झलकती है। यहां बोली जाने वाली छत्तीसगढ़ी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं और लोक जीवन की अभिव्यक्ति है। इसके अलावा सरगुजिहा, हल्बी, गोंडी, कुड़ुख और अन्य जनजातीय बोलियां भी प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध बनाती हैं। ग्रामीण परिवेश में आज भी ददरिया, सुआ गीत, करमा गीत और पंथी गीतों की गूंज सुनाई देती है। इन गीतों में प्रेम, प्रकृति, श्रम, सामाजिक संबंध और लोक आस्था का सुंदर चित्रण मिलता है।

प्रदेश के लोकनृत्य यहां की सांस्कृतिक पहचान को विशेष रूप से दर्शाते हैं। लोकनृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन, सामाजिक उत्सव और धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है। पंथी नृत्य सतनामी समाज की धार्मिक परंपरा से जुड़ा हुआ है, जिसमें संत गुरु घासीदास जी की शिक्षाओं और आध्यात्मिक भावनाओं का प्रभाव दिखाई देता है। राउत नाचा दीपावली के अवसर पर किया जाने वाला प्रसिद्ध लोकनृत्य है। इसी प्रकार करमा नृत्य आदिवासी समाज में प्रकृति और फसल उत्सव से जुड़ा हुआ है। मांदर और ढोल की थाप पर सामूहिक रूप से किया जाने वाला यह नृत्य जनजातीय जीवन की ऊर्जा और उत्साह को अभिव्यक्त करता है। महिलाओं द्वारा किया जाने वाला सुआ नृत्य भी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

बस्तर अंचल की जनजातीय संस्कृति छत्तीसगढ़ की आत्मा मानी जाती है। यहां रहने वाले गोंड, मुरिया, हल्बा, भतरा, माड़िया, भतरा और अन्य जनजातीय समुदाय आज भी अपनी पारंपरिक जीवनशैली, वेशभूषा और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोए हुए हैं। जनजातीय समाज प्रकृति को जीवन का आधार मानता है। जंगल, नदी, पहाड़ और भूमि यहां केवल संसाधन नहीं, बल्कि आस्था और जीवन के प्रतीक हैं। बस्तर के हाट-बाजार केवल व्यापारिक केंद्र नहीं होते, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मेलजोल के जीवंत मंच भी होते हैं। यहां लोकगीत, नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्र और हस्तशिल्प एक साथ दिखाई देते हैं।

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प भी देशभर में विशेष पहचान रखते हैं। बस्तर की ढोकरा कला विश्व प्रसिद्ध है। धातु से बनी पारंपरिक मूर्तियां और कलात्मक वस्तुएं यहां की अद्भुत शिल्पकला का उदाहरण हैं। इसी प्रकार लकड़ी और बांस से निर्मित हस्तशिल्प ग्रामीण और जनजातीय कारीगरों की रचनात्मकता को दर्शाते हैं। मिट्टी के बर्तन, लोक चित्रकला, पारंपरिक आभूषण और गोदना कला भी प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। गोदना केवल सौंदर्य का माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक विश्वासों का प्रतीक माना जाता है।

छत्तीसगढ़ के त्योहार यहां की लोक संस्कृति को और अधिक जीवंत बनाते हैं। यहां के अधिकांश पर्व कृषि, प्रकृति और लोक आस्था से जुड़े हुए हैं। हरेली किसानों का प्रमुख त्योहार है, जिसमें कृषि उपकरणों की पूजा की जाती है। पोला पर्व बैलों और कृषि संस्कृति के सम्मान का प्रतीक है। तीजा महिलाओं का प्रमुख पर्व है, जो परिवार की सुख-समृद्धि और दांपत्य-जीवन की मंगलकामना के लिए मनाया जाता है। छेरछेरा त्योहार सामाजिक समरसता और अन्नदान की परंपरा को दर्शाता है। इन पर्वों के दौरान लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक व्यंजन पूरे वातावरण को उत्सवमय बना देते हैं।

बस्तर दशहरा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं का सबसे भव्य उदाहरण माना जाता है। यह देश का सबसे लंबा चलने वाला दशहरा उत्सव है, जो लगभग 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह पर्व शक्ति की आराधना, जनजातीय परंपराओं और सामाजिक सहभागिता का अनूठा संगम है। मां दंतेश्वरी की पूजा के साथ निकलने वाली विशाल रथयात्रा यहां की सांस्कृतिक आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करती है।

छत्तीसगढ़ का खान-पान भी यहां की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। चावल यहां का प्रमुख भोजन है। फरा, चीला, अंगाकर रोटी, ठेठरी-खुरमी, देहरौरी और बोरे बासी जैसे पारंपरिक व्यंजन प्रदेश की विशेष पहचान हैं। बोरे बासी को श्रमशील जीवनशैली और ग्रामीण संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। प्राकृतिक और सादगीपूर्ण भोजन यहां के लोगों के स्वास्थ्य और जीवनशैली से गहराई से जुड़ा हुआ है।

प्रदेश में स्थित प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक स्थल और प्राकृतिक धरोहरें भी इसकी सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करती हैं। बम्लेश्वरी मंदिर, सिरपुर, बत्तीसा मंदिर और चित्रकोट जलप्रपात जैसे स्थल प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को और अधिक समृद्ध बनाते हैं।





# मदर्स डे पर सौगात : रायपुर महिला जेल में वीडियो कॉलिंग सिस्टम का शुभारंभ

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

**मदर्स डे के ममतामयी अवसर पर रायपुर की महिला जेल में बंदिनियों के लिए खुशियों की एक नई किरण जगी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की घोषणा के अनुरूप, जेल प्रशासन ने महिला बंदिनियों को प्रिजन इनमेट वीडियो कॉलिंग सिस्टम का बहुप्रतीक्षित तोहफा दिया है।**


### अपनों से दूरी होगी कम

वीडियो कॉलिंग की सुविधा से जेल विभाग और बीएसएनएल के बीच हुए अनुबंध के तहत इस सिस्टम को स्थापित किया गया है। अब महिला बंदी अपने परिजनों और अधिवक्ताओं से सीधे वीडियो कॉल के जरिए संवाद कर सकेंगी, जिससे उनके मानसिक संबल और कानूनी विमर्श में मदद मिलेगी।

### हुनर को मिला सम्मान

निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली 38 महिला बंदिनियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उनके पुनर्वास और भविष्य में स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

जेल में अपनी माताओं के साथ रह रहे 14 मासूम बच्चों को विभाग की ओर से विशेष उपहार वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान खिल गया और जेल परिसर का माहौल उत्सवमय हो गया। इस संवेनदनशील पहल के शुभारंभ अवसर पर जेल और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से श्री हिमांशु गुप्ता (डीजी, जेल), श्री योगेश सिंह क्षत्री (जेल अधीक्षक), श्री विजय छबलानी (प्रतिनिधि, ठेछर), सुश्री गरिमा पांडेय (प्रभारी, महिला जेल) एवं समस्त जेल स्टाफ, संबंधित महिला बंदिनी उपस्थित रहे। यह पहल न केवल बंदिनियों को उनके मानवाधिकारों और परिवार से जोड़ने का माध्यम बनेगी, बल्कि जेल सुधार की दिशा में तकनीकी समावेश का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश करेगी।




## निश्चय कार्यक्रम- रायपुर जेल के 67 बंदियों को मिला कौशल प्रमाण-पत्र, मुख्यधारा में लौटने की नई पहल

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना निश्चय के अंतर्गत आज केंद्रीय जेल और महिला जेल, रायपुर में एक विशेष गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा बंदियों को अपराध की दुनिया से दूर कर स्वावलंबन और सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करना है। जेन जी युवा बंदियों को अपराध के दलदल में वापिस जाने से रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की सभी जेलों में निश्चय कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम में युवा बंदियों को कॉउंसलिंग, अपराध बोध का ज्ञान, स्व-रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण एवं रिहाई उपरांत स्वरोजगार हेतु बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय किया जाता है।

### कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर

समारोह के दौरान कुल 67 बंदियों को उनकी प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर कौशल विकास प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इनमें 38 महिला बंदिनी और 29 पुरुष बंदी शामिल हैं। निश्चय कार्यक्रम का उद्देश्य उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत के सहयोग से संचालित इस अभियान के तहत बंदियों को अपराध बोध का ज्ञान, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाता है।

### तकनीकी शिक्षा के लिए कंप्यूटर केंद्र का आगाज

डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय जेल, रायपुर में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। अब बंदी जेल के भीतर ही कंप्यूटर का बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे, जो रिहाई के बाद उनके रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा।

### आगामी लोन मेला स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता

बंदियों के पुर्नवास को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। 13 मई 2026 को इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा केंद्रीय जेल परिसर में लोन मेला लगाया जाएगा, जिसका उद्देश्य रिहा होने वाले बंदियों को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए सुगमता से ऋण उपलब्ध कराना। इस अवसर पर डीजी (जेल) हिमांशु गुप्ता, जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री, महिला जेल प्रभारी सुश्री गरिमा पांडेय सहित जेल प्रशासन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## राष्ट्रीय एकता की भावना को आघात

**किसी राज्य से लिया गया ड्राइविंग लाइसेंस पूरे भारत में मान्य होता है। ऐसे में, भाषा बोलने- पढ़ने की क्षमता के आधार पर किसी राज्य में उसकी मान्यता खत्म करना विवादास्पद एवं आपत्तिजनक सोच है। संभवत: यह अवैध भी है।**

टैक्सी और ऑटो ड्राइवरों के लिए मराठी भाषा में निपुण होने की शर्त लागू कर महाराष्ट्र सरकार ने राष्ट्रीय एकता की भावना को आघात पहुंचाया है। देश के किसी हिस्से में जाकर रोजी-रोटी कमाने के नागरिकों के मूलभूत संवैधानिक अधिकार के खिलाफ तो यह कदम है ही। इसे भाषा या क्षेत्र के आधार पर नागरिकों के साथ भेदभाव करना भी माना जाएगा। राज्य सरकार के निर्णय के मुताबिक अगले एक मई से ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों के लिए यह अनिवार्य हो जाएगा कि वे धारा-प्रवाह मराठी बोलें और मराठी भाषा को पढ़ सकें।

जो ड्राइवर इसमें फेल होंगे, उन्हें राज्य में टैक्सी या ऑटो नहीं चलाने दिया जाएगा। आगे से किसी ऐसे व्यक्ति को राज्य में इस काम की अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसमें भाषा संबंधी उपरोक्त क्षमता ना हो। राज्य सरकार के 59 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ( आरटीओ) और उप-कार्यालय खास सत्यापन अभियान शुरू करने जा रहे हैं। इस दौरान देखा जाएगा कि ड्राइवर प्रभावी ढंग से मराठी बोलने, लिखने, और पढ़ने में सक्षम हैं या नहीं। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा है कि जो ड्राइवर वेरिफिकेशन में फेल होंगे, उनके लाइसेंस और परमिट रद्द कर दिए जाएंगे। मगर, मुद्दा है कि क्या ऐसा करना वैधानिक है ? किसी राज्य से लिया गया ड्राइविंग लाइसेंस पूरे भारत में मान्य होता है।

ऐसे में, भाषा बोलने- पढ़ने की क्षमता के आधार पर किसी राज्य में उसकी मान्यता खत्म करना विवादास्पद एवं आपत्तिजनक सोच है। अगर ऐसी ही सोच से दूसरे राज्य भी प्रेरित हुए, तो मराठी भाषी सहित तमाम इलाकाई लोगों के लिए अन्य क्षेत्रों में मुश्किल खड़ी हो सकती है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक महाराष्ट्र में 65 से 70 प्रतिशत टैक्सी- ऑटो ड्राइवर अन्य राज्यों के हैं। वे वहां वर्षों से काम कर रहे हैं, तो जाहिर है कि वे आम जन से संवाद करने लायक भाषा जानते-समझते हैं। भाषा जानने और सीखने का संबंध काफी हद तक रोज-रोटी के तकाजों से जुड़ा होता है। देवेंद्र फड़णवीस सरकार इस बुनियादी बात की उपेक्षा कर रही है। अतः उचित होगा कि समाज को तोड़ने वाले इस कदम को वह वापस ले ले।



# भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक, कलाकारों को शासन की योजनाओं से जोड़ने पर जोर

## प्रदेश संयोजक बोले– कला केवल नृत्य–संगीत तक सीमित नहीं, हर सृजनकर्ता कलाकार

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



छत्तीसगढ़ भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को प्रदेश संयोजक अनुपम पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश संयोजक अनुपम पाल ने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने–अपने क्षेत्रों के कलाकारों को एकजुट करें और उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ जन–जन तक पहुंचाने का काम करें।

### कला का क्षेत्र विशाल है

प्रदेश सहसंयोजक शरद श्रीवास्तव ने कहा कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को केवल नृत्य और संगीत तक सीमित नहीं रखना चाहिए। कुम्हार, बढ़ई, लोहार जैसे शिल्पकार भी अपनी कला से वस्तुओं में प्राण डालते हैं। किसी भी वस्तु या विचार का सृजन करने वाला व्यक्ति कलाकार है और वह प्रकोष्ठ का हिस्सा हो सकता है। सहसंयोजक शरद अग्रवाल ने पद की गरिमा बनाए रखते हुए सकारात्मक व्यवहार और संगठन के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने को कहा।

### नेतृत्व से भेंट, शब्द संग्राम पुस्तक भेंट

बैठक के बाद प्रकोष्ठ की टीम ने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन देव साय से भेंट कर पश्चिम बंगाल में भाजपा की विजय पर बधाई दी। अनुपम पाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय और कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज से भी सौजन्य भेंट कर आगामी कार्ययोजना साझा की।

इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी निशु पाण्डेय द्वारा लिखित पुस्तक शब्द संग्राम अजय जामवाल और पवन देव साय को भेंट की गई। तीन राज्यों में भाजपा सरकार बनने की खुशी में मिठाई भी बांटी गई। बैठक में सहसंयोजक शरद श्रीवास्तव, शरद अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी रवि जग्गी, कोषाध्यक्ष मुकेश जोशी, कार्यक्रम प्रभारी तेजराम साहू, सह मीडिया प्रभारी रामानंद त्रिपाठी सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और जिला संयोजक मौजूद रहे।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : इतिहास को स्मृतियों में रखते हुए भविष्य को संवारने के संकल्प से बनता है सशक्त राष्ट्र– शर्मा

## सोमनाथ से भोरमदेव तक गूंजा सांस्कृतिक स्वाभिमान का स्वर




*नई दृष्टिबिंदु / कबीरधाम*

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़े और मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई पूजा – अर्चना के साक्षी बने और उनका संबोधन सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनर्निर्माण यात्रा, वतर्मान सरकार द्वारा किये जा रहे आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प सहित विभिन्न विषयों पर अपनी बातें देशवासियों से साझा की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम के श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की पुरातन संस्कृति और सभ्यता के गौरवपूर्ण स्मरण का अवसर है। उन्होंने कहा कि इतिहास के कई महत्वपूर्ण प्रसंग समय के साथ लोगों की स्मृतियों से ओझल हो जाते हैं, जबकि इन्हीं घटनाओं ने देश की सांस्कृतिक चेतना को आकार दिया है। उन्होंने कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर आक्रमण कर सोमनाथ मंदिर के वैभव को ध्वस्त किया और इसकी संपदा को लूटने का प्रयास किया। यह क्रम कई बार चला, लेकिन आज उन आक्रांताओं का नामोनिशान नहीं है, जबकि सोमनाथ मंदिर वैभवशाली स्वरूप में देश के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ हमारी संस्कृति और आत्मसम्मान का मानबिंदु है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य हो रहा है। सोमनाथ का पुनर्स्थापित स्वरूप भारत की सांस्कृतिक चेतना और पुनर्जागरण का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यह हमें सिखाता है कि भविष्य की ओर बढ़ते हुए इतिहास को स्मृतियों में बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन देशभर के शिवालयों में किया जा रहा है। भारत जब अपने अतीत की चर्चा करता है तो वह केवल इतिहास नहीं दोहराता, बल्कि आने वाले भविष्य को संवारने का संकल्प भी लेता है। उन्होंने कहा कि इतिहास से सीखकर ही मजबूत भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण सदस्य भगत पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष बोड़ला नंद श्रीवास, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी ओर ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : प्रधानमंत्री के विजन और ऐतिहासिक गौरव पर हुई चर्चा




**बस्तर।** बस्तर रियासत की पुरानी राजधानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर का प्रांगण उस समय भक्ति और राष्ट्रवाद के अनूठे संगम का साक्षी बना, जब यहाँ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोमनाथ मंदिर के उस अदम्य स्वाभिमान की गाथा भी गूंजी, जो सदियों के संघर्ष के बाद आज अपने पूर्ण वैभव के साथ खड़ा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमनाथ में 11 पवित्र तीर्थों के जल से किए गए अभिषेक का उल्लेख करते हुए इसे भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक बताया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कश्यप ने मंदिर के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज से लगभग एक हजार वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर को जिस तरह नष्ट कर लूटपाट की गई थी, वह भारतीय इतिहास का एक काला अध्याय था। उसके बाद भी कई बार आक्रमणकारियों ने इस सनातन केंद्र को क्षति पहुंचाई, लेकिन हर बार महादेव के प्रति अटूट आस्था ने इसे वापस खड़ा कर दिया। उन्होंने याद दिलाया कि अंतिम बार 1951 में इस मंदिर के पुनर्निर्माण का महान कार्य संपन्न हुआ था और आज, एक हजार वर्ष पूर्व हुई उस भीषण लूटपाट के पश्चात मंदिर के इसी अटूट स्वाभिमान और पुनर्निर्माण की याद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन पूरे देश में गौरव के साथ किया जा रहा है। इस गरिमामयी उत्सव में जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल में भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शकुंतला कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन व अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भक्ति की इस धारा को कलात्मक ऊंचाई देते हुए कलाकार निधि रावल और तरंग डांस एकेडमी की नन्हीं बालिकाओं ने कत्थक शैली में शिव तांडव की ऐसी ओजपूर्ण प्रस्तुति दी, गायत्री मानस परिवार बस्तर के शिव भजनों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं और भक्तों ने इस ऐतिहासिक संदर्भ वाले पर्व में हिस्सा लेकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गर्व व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि अपने भीतर कई अनसुलझे रहस्य और भव्य स्थापत्य समेटे हुए है। इसी गौरवशाली इतिहास का एक जीवंत प्रमाण ग्राम बस्तर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर है, जिसका निर्माण करीब एक हजार साल पहले छिंदक नागवंशी राजाओं द्वारा कराया गया था। 11वीं शताब्दी की स्थापत्य कला को संजोए यह शिवालय बस्तर संभाग के दूसरे सबसे बड़े तालाब बाणसागर के किनारे अपनी पूरी भव्यता के साथ अडिग खड़ा है। ऐतिहासिक दृष्टि से यह स्थान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर स्थित यह ग्राम रियासत काल में काकतीय राजाओं की राजधानी हुआ करता था, जिसका गौरवशाली इतिहास लगभग ढाई सौ वर्षों तक इस मिट्टी से जुड़ा रहा।

अपनी बेजोड़ निर्माण शैली और पुरातात्विक महत्व के कारण आज यह मंदिर केंद्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण में है। मंदिर की दीवारों पर उकेरी गई सूक्ष्म और कलात्मक मूतिर्यां प्राचीन भारतीय शिल्प कौशल की कहानी कहती हैं, हालांकि समय–समय पर मूर्ति तस्करों की गतिविधियों ने इस धरोहर की कुछ प्राचीन प्रतिमाओं को काफी नुकसान पहुँचाया है। इस मंदिर की एक खास पहचान इसके मुख्य द्वार के ठीक ऊपर पत्थर पर उकेरी गई मयूर की आकृति है, जिसे लेकर एक बेहद रोचक तथ्य यह भी है कि यही आकृति कभी अविभाजित मध्यप्रदेश के पाठ्य पुस्तक निगम का आधिकारिक प्रतीक चिह्न हुआ करती थी।

वर्तमान में पुरातत्व विभाग द्वारा यहाँ की गई आकर्षक बागवानी ने मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए हैं, जिससे यह न केवल श्रद्धालुओं बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। आस्था के केंद्र के रूप में इस शिवालय की महत्ता आज भी वैसी ही बनी हुई है, जहाँ महाशिवरात्रि, कार्तिक पूणिर्मा और मकर संक्रांति जैसे विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। गौरतलब है कि बस्तर के इस शिव मंदिर के समकालीन ही नारायणपाल, छिंदगांव, समलूर, भैरमगढ़, गढ़ धनोरा और बारसूर में भी प्राचीन मंदिर स्थित हैं, जिनका निर्माण छिंदक नागवंशी राजाओं द्वारा ही किया गया था। इन सभी ऐतिहासिक स्थलों पर आज भी प्रतिवर्ष भव्य मेलों का आयोजन होता है, जो बस्तर की समृद्ध परंपरा और संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

## पाली शिव मंदिर में श्रद्धा और धरोहर का समागम, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्य आयोजन

**रायपुर।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 08 से 11 जनवरी सोमनाथ मंदिर पर 1026 में हुए पहले अभिलिखित आर्क्रमण के हजार वर्ष पर स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कोरबा जिले के पाली नगर में स्थित पुरातात्विक महत्व के अति प्राचीन शिव मंदिर परिसर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। पूरे दिन वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा। सुबह कार्यक्रम की शुरुआत रुद्राभिषेक से हुई। नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल अपनी धर्मपत्नी के साथ, पार्षदगण तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने शिवलिंग का विधि–विधान से अभिषेक कर नगर की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




रुद्राभिषेक के पश्चात मंदिर परिसर में लगाए गए एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सोमनाथ मंदिर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बड़े उत्साह से देखा। प्रसारण के बाद आयोजित परिचर्चा में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल एवं संजय जायसवाल ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सोमनाथ की ऐतिहासिक महत्ता, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता पर प्रकाश डाला। सायंकालीन सत्र में स्थानीय भजन मंडली द्वारा शिव भजनों की प्रस्तुतियों ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते हुए आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया।

संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन विशाल मोटवानी द्वारा किया गया। अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पाली ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी उपस्थित जनों, जनप्रतिनिधियों, भजन मंडली और आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। पाली शिव मंदिर में संपन्न यह आयोजन नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को पुन: उजागर करने वाला साबित हुआ तथा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के प्रति आमजन की आस्था को और अधिक प्रगाढ़ करने वाला रहा।

# जटिल रोगों का कबीरधाम जिला अस्पताल में हो रहा सफल उपचार



## महिलाओं का हुआ सफल आपरेशन, मिली राहत

*नई दृष्टिबिंदु / कबीरधाम*

जिला अस्पताल कबीरधाम में अत्यधिक एवं लंबे समय तक मासिक रक्तस्राव से पीड़ित दो महिलाओं का सफलतापूर्वक उपचार कर उन्हें राहत प्रदान की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा समय पर जांच एवं सर्जरी कर मरीजों को गंभीर जटिलताओं से बचाया गया। डॉ. निहारिका सिंह ने बताया कि लंबे समय तक अत्यधिक मासिक रक्तस्राव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच एवं उचित उपचार से गंभीर एनीमिया एवं अन्य जटिलताओं से बचाव संभव है। महिलाओं से नियमित स्त्री रोग जांच कराने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है। पहले मामले में 47 वर्षीय महिला पिछले तीन वर्षों से अत्यधिक एवं लंबे समय तक मासिक धर्म की समस्या से परेशान थीं। लगातार अधिक रक्तस्राव होने के कारण उन्हें नियमित दवाइयों की आवश्यकता पड़ती थी तथा गंभीर एनीमिया की स्थिति में रक्त चढ़ाने (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) की जरूरत भी पड़ी।

जांच एवं अल्ट्रासाउंड में गर्भाशय का आकार बढ़ा हुआ पाया गया, जिसका वॉल्यूम लगभग 130 सीसी था। साथ ही एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया की पुष्टि हुई। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने हिस्टरेक्टॉमी (गर्भाशय निकालने की सर्जरी) करने का निर्णय लिया। सर्जरी के दौरान दोनों ओर रक्तस्रावी पैराओवेरियन सिस्ट पाए गए, जिन्हें सफलतापूर्वक हटाया गया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा तथा मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गईं।

दूसरे मामले में चैला बाई, उम्र 40 वर्ष, पिछले एक वर्ष से अत्यधिक एवं लंबे समय तक मासिक रक्तस्राव से पीड़ित थीं। लगातार रक्तस्राव के कारण उनका हीमोग्लोबिन स्तर घटकर मात्र 5 ग्राम रह गया था, जिसके चलते उन्हें 2 यूनिट रक्त चढ़ाना पड़ा। अल्ट्रासाउंड जांच में गर्भाशय में फाइब्रॉइड पाया गया, जिसके बाद हिस्टरेक्टॉमी करने का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन के दौरान फैलोपियन ट्यूब में सिस्ट पाया गया, जिसे सफलतापूर्वक हटाया गया। सर्जरी पूरी तरह सफल रही तथा मरीज स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से घर गई। इन दोनों सर्जरी को डॉ. निहारिका सिंह, स्टाफ नर्स एवं ओटी स्टाफ की टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

## जीवित मंत्री का निकाला पुतला–शवयात्रा, बेटे की शिकायत पर 11 लोगों पर एफआईआर

**बेमेतरा।** मंत्री दयालदास बघेल के जीवित रहते उनका पुतला बनाकर शवयात्रा निकालने के मामले में नांदघाट थाने में 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत मंत्री के बेटे अंजय उर्फ अंजू बघेल ने दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक 11 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक ग्राम झिरिया बाजार चौक में चार पहिया वाहन, मोटर साइकिल और ट्रैक्टर लेकर लोग एकत्र हुए। मंत्री दयालदास बघेल को मृत बताकर भाषणबाजी की गई। दो मिनट का मौन रखकर बांस की चैली से पुतला बनाकर मेन रोड पर शवयात्रा निकाली गई। इससे रास्ता जाम हुआ और आने–जाने वाले लोग परेशान हुए।

अंजय बघेल ने कहा कि पिता जीवित हैं। हिन्दू रीति रिवाज में पिता की शवयात्रा निकालने का अधिकार पुत्र को है। जीवित व्यक्ति की शवयात्रा निकालकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई। साथ ही मंत्री पद पर बैठे पिता की मृत्यु की अफवाह फैलाकर उनकी मान–प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई गई। घटना के गवाह हवेन्द्र वैष्णव, कांशीराम बांधे, नागेश साहू, गया पाल, केशव साहू और प्रणीश रजक बताए गए हैं। पुलिस ने देवेन्द्र यादव विधायक, गुरूदयाल सिंह, आरिफ बाठिया, प्रांजल तिवारी, सनतधर दिवान, शक्तीधर दीवान, सतीश मारकण्डे, अंजली मारकण्डे, देवेन्द साहू, अरमान साहू और हर्ष बघेल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रकरण की जांच इंस्पेक्टर दुलेश्वर सिंह चंद्रवंशी कर रहे हैं।

# सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति की अटूट शक्ति, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है – सांसद जांगड़े

*नई दृष्टिबिंदु / जांजगीर-चांपा*

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व – अटूट आस्था के 1000 वर्ष के अवसर पर जांजगीर–चांपा जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल श्री लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर, खरौद में श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक गौरव के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों एवं नागरिकों ने भगवान श्री लक्ष्मणेश्वर महादेव का विधि–विधान से पूजन– अर्चन कर प्रदेश और देश की सुख–समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में गुजरात के सोमनाथ से आयोजित राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण भी देखा गया, जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर जांजगीर–चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत



अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मिरी सहित जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन संस्कृति, अटूट आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इतिहास में अनेक आक्रमणों और चुनौतियों के बावजूद भारतीय संस्कृति और आस्था को कभी समाप्त नहीं किया जा सका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं विकास को नई गति मिली है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं, संस्कृति और राष्ट्र गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। अनेक बार आक्रमण और लूट के प्रयासों के बावजूद सोमनाथ मंदिर की आस्था कभी डिगी नहीं। यह मंदिर भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : आस्था, स्वाभिमान और सांस्कृतिक विरासत का भव्य उत्सव

**बलरामपुर।** सोमनाथ आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे प्रदेश में श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और ऐतिहासिक स्वाभिमान को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड स्थित प्राचीन एवं पुरातात्विक महत्व के सामंत सरना डीपाडीह में जिला स्तरीय मुख्य आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पारंपरिक विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की आस्था और परंपरा को नमन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से जुड़कर देशवासियों को संबोधित किया और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोमनाथ आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष डाक टिकट एवं 75 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया, जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अटूट आस्था, संघर्ष और पुनर्जागरण का प्रतीक है। देश की पहचान उसकी प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से है, जिसे संरक्षित और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

आयोजन के दौरान स्कूली बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं सांस्कृतिक प्रदशर्नी में जनजातीय परंपराओं, वाद्ययंत्रों और लोक कलाओं की जीवंत झलक देखने को मिली। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) समूह की महिलाओं ने भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का संदेश दिया। प्रदेशभर में आयोजित इस पर्व ने न केवल श्रद्धा और आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने की प्रेरणा भी दी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग**

–:: व्यक्तिगत सूचना ::–

(रा.प्र.क्र./202603101000158/अ–6/वर्ष 2025–26)

प्रति,

देवलाल साहू पिता अमर सिंह
निवासी कुरूद बस्ती भिलाई

पक्षकार – श्रीमती नीलू गुप्ता पर्ति दिलीप कुमार गुप्ता निवासी – जोन – 02 खुर्सीपार भिलाई

**विरूद्ध**

अनावेदक– छ.ग. शासन

आपको सूचित किया जाता है इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202603101000158/अ–6/वर्ष 2025–26 आवेदिका श्रीमती नीलू गुप्ता पति दिलीप कुमार गुप्ता निवासी–आर्य नगर केम्प 01 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 530 का टु. रकबा 0.01 हे./1062.46 वर्गफीट भूमि का रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर दिनांक 29/10/2016 को विक्रेता देवलाल साहू पिता अमर सिंह से क्रय किया गया है, की बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 15/05/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/05/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर**



# क्या नयनतारा के साथ काम करने के लिए सलमान खान ने कम किया वजन

सलमान खान इन दिनों नयनतारा के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने एक बार फिर अपने फैंस को फिटनेस के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने अपना नया लुक दिखाया है। हाल ही में वह एक दिव्यांग फैन के साथ पोज देते हुए नजर आए। इस बार वे अपने बेहद आकर्षक और नए अंदाज में दिखे। नई तस्वीरों में एक्टर पहले से ज्यादा फिट नजर आ रहे हैं।

### सलमान ने कम किया वजन

एक वायरल पोस्ट के अनुसार, एक्टर ने कथित तौर पर लगभग 7-8 किलो वजन कम किया है। वायरल तस्वीर में सलमान एक युवा फैन के साथ कैजुअल अंदाज में पोज देते हुए दिख रहे हैं। इसमें उन्होंने एक सादी फुल-स्लीव टी-शर्ट और जींस पहनी हुई है। तस्वीर में एक्टर का नया लुग लोगों का ध्यान खींच रहा है।

### नयनतारा के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

सलमान खान, डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली की अगली फिल्म में नयनतारा के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अप्रैल में एक पारंपरिक मुहूर्त सेरेमनी के साथ शुरू हुई। इसके बाद एक महीने का लंबा शेड्यूल शुरू हुआ। बताया जाता है कि यह फिल्म एक हाई-एनर्जी एक्शन ड्रामा होगी। इस फिल्म को 2027 में बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है।

पिछले कुछ महीनों से, सलमान अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' का काम खत्म करने के बाद अपने फिट लुक से फैंस का दिल जीत रहे हैं। सलमान की नई तस्वीर उनके अगले प्रोजेक्ट्स को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच आई है। उनके प्रोजेक्ट में कथित तौर पर एक सुपरहीरो फिल्म भी शामिल है। मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि यह फिल्म वेटा एफएक्स के तहत बनेगी। इसका निर्देशन राज निदिमोरू और डीके करेंगे। खबरें ये भी हैं कि इसमें सलमान खान करीना कपूर के साथ नजर आएंगे। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



# हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार दिशा पाटनी

**भारत की कई अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय किया है। इस कड़ी में नया नाम दिशा पाटनी का जुड़ने वाला है। अभिनेत्री हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। वह फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आने वाली हैं। इसमें वह जेसिका का रोल करेंगी। उनका कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उन्हें अपनी एक्टिंग स्किल्स को बड़े पैमाने पर एक्सप्लोर करने का मौका मिला है।**

### कौन है फिल्म का निर्देशक?

बताया जाता है कि यह फिल्म 'स्टैटीगॉर्ड्स होलीगॉर्ड्स सागा' की पहली फिल्म है। यह सुपरनैचुरल एक्शन-थ्रिलर है। इस फिल्म का निर्देशन केविन स्पेसी ने किया है। 20 साल से ज्यादा समय बाद वे इस फिल्म से निर्देशन में वापसी कर रहे हैं।

### फिल्म में काम करने पर क्या बोलीं दिशा?

दिशा पाटनी ने बताया कि एक इंटरनेशनल फिल्म में काम करने का अनुभव उनके लिए रोमांचक और डरावना रहा। उन्होंने कहा 'मैं इस बेहद खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। अपने पहले इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में कदम रखना मेरे लिए रोमांचक और डरावना दोनों था। अपनी एक्टिंग स्किल्स को एक्सप्लोर करने का बड़ा मौका था। अनुभवी और अलग-अलग तरह के कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में एक सीखने का अनुभव था।'

### दिशा को पसंद है एक्शन

उन्होंने आगे कहा, 'स्क्रीन पर ईमानदारी हर जगह एक जैसी होती है। मुझे हमेशा से एक्शन पसंद रहा है और जो कुछ भी मैंने अपने देश में सीखा है, उसे एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर दिखाना मुझे ताकतवर महसूस कराता है।'

### दिशा का वर्कफ्रंट

शुक्रवार को मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया। ट्रेलर में दिशा पाटनी के किरदार को दो विरोधी गुटों के नेताओं की बेटी के तौर पर दिखाया गया है। वह दो आपस में लड़ रही दुनियाओं के बीच एक पुल का काम करती हैं। इस फिल्म के बाद दिशा 'आवारापन 2' में नजर आएंगी।




# शिल्पा शेट्टी होस्ट करेंगी कॉमेडी कुकिंग शो

**अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बतौर होस्ट एक शो की कमान संभालने वाली हैं। वे कॉमेडी कुकिंग शो होस्ट करेंगी, जिसमें जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगे। इस शो का नाम है- 'मां है ना'। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी।**

यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगा। जी-5 ने शो की घोषणा की है। इसमें जेन-जी सेलेब्स और उनकी मांओं के बीच कुकिंग चैलेंज, दिल को छू लेने वाली बातचीत और परिवार के बीच प्यार भरे पल देखने को मिलेंगे। शो' मां है ना' के जरिए रसोई के परिवेश के जरिए आधुनिक जेनेरेशन के लाइफस्टाइल और पारंपरिक मैटरनल सूझबूझ के बीच टकराव देखने को मिलेगा, वह भी मजेदार अंदाज में। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करके इस शो को लेकर अपडेट भी दिया है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मैं एक नए शो के साथ वापस आ गई हूं! स्वाद, ड्रामा और मां का जजमेंट परोसते हुए... थोड़ा-सा मेसी, ढेर सारी मस्ती और एकदम जादू! मां है ना। जल्द आ रहा है, सिर्फ जी5 पर'।


### क्या होगी शो की थीम?

इस शो के प्रोड्यूसर्स निर्माताओं के अनुसार, यह शो इस बात पर फोकस करता है कि जब दो पीढ़ियों को एक-एक रेसिपी के जरिए सच में एक-दूसरे की बात सुननी पड़ती है, तो क्या होता है'? इस सीरीज में मां और बच्चों की जोड़ियां एक साथ खाना बनाते हुए गलतफहमी, दबाव, प्यार और फिर से मिले सुकून का सामना करती नजर आएंगी। इस प्लेटफॉर्म ने किचन को एक ऐसी जगह बताया है, जहां खाने से परे यादें, पुरानी बातें, हंसी-मजाक, बहस और भावनाएं सामने आती हैं।

### कौन-कौन होंगे प्रतिभागी?

शो के लिए जिन कंटेस्टेंट्स के नामों की घोषणा की गई है, उनमें सुनीता आहूजा अपनी बेटी टीना आहूजा के साथ, उर्वशी ढोलकिया अपने बेटे क्षितिज ढोलकिया के साथ, तान्या मित्तल अपनी मां सुनीता मित्तल के साथ, गुल्लू अपनी मां मुनेश तंवर के साथ, शाहिदा अंसारी अपने भतीजे अफगान के साथ और भाग्यश्री शर्मा अपनी मां रिंजू शर्मा के साथ नजर आएंगी। जल्द ही यह शो जी-5 पर आएगा। हालांकि, अभी तारीख को लेकर जानकारी सामने नहीं आई है।






# इम्तियाज अली की फिल्म से टकराएगी कंगना अभिनीत 'भारत भाग्य विधाता'



कंगना रनौत बीते कुछ दिनों से फिल्मों से ज्यादा राजनीति में सक्रिय हैं। लेकिन अब उनके फैंस का इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। कंगना रनौत की आने वाली फिल्म का नाम 'भारत भाग्य विधाता' है। मेकर्स ने इसका पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का खुलासा किया है। पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'एक साधारण लोगों की असाधारण कहानी! वो रात, जब इंसानियत डर से भी बड़ी बनकर सामने आई। जब जिम्मेदारी ने बलिदान का रूप लिया, जब एकता ने कर्तव्य निभाया और जब हिम्मत ने कई जिंदगियां बचाईं। भारत के असली हीरोज की अनकही कहानी।' बता दें कि फिल्म में भारत के उन हीरोज की कहानी बताएगी, जो अनसुनी है।

### कब रिलीज होगी फिल्म

बता दें कि फिल्म में कंगना रनौत लीड रोल में नजर आएंगी। इसे मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। इसके लेखक और निर्देशक मनोज तापड़िया हैं। 'भारत भाग्य विधाता' फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस कंगना की वापस फिल्मों में वापसी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

इस फिल्म से होगी टक्कर बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला इम्तियाज अली की आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' से होगा। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा' एक लव स्टोरी है। 'मैं वापस आऊंगा' भी 12 जून को रिलीज होगी, जिसमें दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ और वेदांग रैना प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### 12 जून को ये फिल्में भी होंगी रिलीज

'मैं वापस आऊंगा' और 'भारत भाग्य विधाता' के अलावा 12 जून को 2 और फिल्में रिलीज होंगी। इसमें एक फिल्म विक्रम भट्ट की है। विक्रम भट्ट निर्देशित हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी: इकोज ऑफ द पास्ट' भी 12 जून को रिलीज होगी। यह 2011 की हिट फिल्म 'हॉन्टेड' का सीक्वल है, जिसमें मिमोह चक्रवर्ती मुख्य भूमिका में हैं। वहीं दूसरी ओर मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म 'गवर्नर: द साइलेंट सेवियर' भी इसी दिन रिलीज होगी। इसका निर्देशन विपुल अमृतलाल शाह और चिन्मय मंडलेकर ने किया है।



# विनय पाठक ने सोशल मीडिया को बताया जरुरत, बताई इंडस्ट्री की सच्चाई

**हिंदी सिनेमा में अभिनेता विनय पाठक की अपनी एक अलग पहचान है। उनकी काम को लेकर ईमानदारी साफ नजर आती है। खास बातचीत में विजय ने एक कलाकार के काम पर सोशल मीडिया, फॉलोअर्स के पड़ने वाले प्रभाव पर भी काफी कुछ कहा। इसके साथ ही उन्होंने इस बदलाव के स्वीकार करने की बात भी की।**

### सिनेमा और बाजार के बीच फंसा कलाकार

विनय पाठक कहते हैं, 'मैं इतने साल से इस इंडस्ट्री में हूं, ये बात सबको पता है। लेकिन सिर्फ इतने साल यहां रहने का मतलब यह नहीं है कि मैं इसका पूरा गणित समझ गया हूं। लोग अक्सर मान लेते हैं कि अनुभव के साथ सब समझ आ जाता है, लेकिन ऐसा नहीं है। सिनेमा एक तरफ कला है, जहां कहानी, पटकथा, समाज और एक्टिंग की बात होती है। लेकिन दूसरी तरफ यह एक बिजनेस भी है। और सच कहूं। तो मुझे आज भी उस नंबर्स वाले खेल की पूरी समझ नहीं है कि क्या चलता है और क्यों चलता है।'

### फॉलोअर्स हैं तो वजह भी है

अभिनेता विनय पाठक ने सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा, 'आजकल रील्स और फॉलोअर्स की बहुत चर्चा होती है। लेकिन अगर किसी के लाखों-करोड़ों लोग उसे फॉलो कर रहे हैं, तो उसमें कुछ तो बात होगी। लोग यूं ही किसी को नहीं देखते। प्रोड्यूसर अगर उस पॉपुलैरिटी को इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो उसमें गलत भी क्या है। हर दौर के अपने तरीके होते हैं, आज का तरीका यही है।' एक्टर ने आगे कहा, 'मुझसे कभी किसी ने ये नहीं पूछा कि आपके कितने फॉलोअर्स हैं। क्योंकि शायद उन्हें पता होता है कि ये सवाल यहां लागू नहीं होता। और ये अच्छी बात है कि दोनों तरफ एक समझ है। एक तरह का आपसी सम्मान बना रहता है, जो जरूरी भी है।'

### अच्छी स्क्रिप्ट ही सबसे बड़ा चैलेंज

अपनी प्रोफेशनल लाइफ के बारे में चर्चा करते हुए विनय कहते हैं, 'मेरे लिए सबसे बड़ा चैलेंज काम मिलना ही है। और जब काम मिल जाए, तो उसे पूरी मोहब्बत और शिद्दत से निभाना - यही असली खुशी है। मैं कभी ये नहीं सोचता कि मुझे कॉमेडी करनी है या इंटेंस ड्रामा। मेरे लिए सबसे जरूरी है एक अच्छी स्क्रिप्ट। अगर कहानी अच्छी है, तो कोई भी किरदार छोटा या कमजोर नहीं होता। उसमें कुछ न कुछ करने को हमेशा रहता है।'

### भेजा फ्राई ने बदली दिशा

अपने करियर के अहम मोड़ को याद करते हुए विनय भेजा फ्राई का जिक्र करते हैं। 'वो एक छोटी फिल्म थी, लेकिन उसकी सफलता ने बहुत कुछ बदल दिया। उस वक्त हमें भी नहीं पता था कि वो इतना आगे जाएगी। लेकिन उसके बाद हमें पहचान मिली। और सबसे जरूरी, अपने काम को चुनने की थोड़ी आजादी मिली। पहले जो ऑफर आता था, उसी में से चुनना पड़ता था। लेकिन उसके बाद हमारे पास ऑप्शन आने लगे।'

### हिंदी सिनेमा का स्ट्रगल ही उसकी ताकत

इंडस्ट्री के बदलते रूप पर बात करते हुए विनय कहते हैं, 'आज का बाजार अलग है। आज जो बिकता है वही दिखता है और जो दिखता है वही बिकता है। ऐसे में जो फिल्में इस ट्रेंड का हिस्सा नहीं हैं, उनके लिए रास्ता आसान नहीं होता। इंडिपेंडेंट सिनेमा के लिए चुनौतियां हमेशा थीं, आज भी हैं और आगे भी रहेंगी। लेकिन मुझे लगता है कि यही स्ट्रगल उस सिनेमा को खास बनाता है। उसमें एक अलग तरह का रोमांस है, एक सच्चाई है। शायद इसी वजह से वो सिनेमा अलग दिखता है और दिल तक पहुंचता है।'

### रोल नहीं, कहानी चुनता हूं

आखिर में, विनय पाठक ने अपनी फिल्मों के लेकर सोच साझा करते हुए कहा, 'मैं रोल नहीं, कहानी चुनता हूं। अगर कहानी अच्छी है, तो मैं उसका हिस्सा बनना चाहूंगा। और अगर कुछ लोग भी उसे पसंद करते हैं, तो वही मेरे लिए काफी है। मेरी कोशिश बस यही है कि अच्छी कहानियां बनती रहें। हम उन्हें ईमानदारी से लोगों तक पहुंचाते रहें।'

# राजनांदगांव में एसएसबी जवान के माता-पिता से 11 लाख की ठगी, साढ़ू भाई हुआ गिरफ्तार

## अधिकारियों को पैसे देने का झांसा देकर हड़पे रुपये, 24 घंटे में पकड़ा गया आरोपी

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

जम्मू-कश्मीर में तैनात एसएसबी जवान की सड़क हादसे में मौत के बाद मिले मुआवजे की राशि में ठगी का मामला सामने आया है। मृत जवान के साढ़ू भाई ने वृद्ध माता-पिता को झांसा देकर 11 लाख रुपये हड़प लिए। थाना बसंतपुर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### ऐसे दिया झांसा

प्रार्थी का 32 वर्षीय पुत्र वरुण कुमार साहू एसएसबी में पदस्थ था। 12 सितंबर 2025 को अवकाश के दौरान ग्राम कोकपुर बरैठटोला के पास सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई थी। विभागीय सहायता के तौर पर पिता के खाते में 10 लाख और मां के खाते में 19.25 लाख रुपये जमा हुए।

इसी दौरान मृतक के साढ़ू भाई योगराज साहू ने वृद्ध दंपत्ति को भरोसे में लेकर राजनांदगांव बैंक ले गया। वहां दोनों के खातों से 15 लाख रुपये निकलवाए। आरोपी ने एसएसबी अधिकारियों और बैंक कर्मचारियों को पैसा देने का झांसा दिया और 11 लाख रुपये अपने पास रख लिए। केवल 4 लाख रुपये वापस किए।

### एक लाख रुपए नगद बरामद

शिकायत पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज हुआ। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर टीम गठित की गई। निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल किया। उसके पास से 1 लाख रुपये नगद जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपी योगराज साहू उम्र 45 वर्ष, पिता माधो राम साहू, निवासी ग्राम बिटाल थाना गैंदाटोला, हाल सृष्टि कॉलोनी थाना बसंतपुर का रहने वाला है। उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी एमन साहू, उप निरीक्षक देवा दास भारती, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, सीमा जैन, आरक्षक अतहर अली, जामिंद्र वर्मा की अहम भूमिका रही।



**खास खबर**

## आजादी के बाद पहली बार रोशन हुआ लछना झिरिया, PM-JUGA योजना से 29 घरों में पहुंची बिजली



नई दृष्टिबिंदु / खैरागढ़

PM-JUGA योजना के तहत जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के साझा प्रयास से वनांचल ग्राम लछना झिरिया में आजादी के बाद पहली बार बिजली पहुंची है। दशकों से अंधेरे में रह रहे 29 परिवारों के घर सोमवार को रोशन हुए। बल्ब जलते ही गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया।

**दुर्गम रास्तों के बीच बिछाई लाइन :** विद्युत विभाग ने दुर्गम रास्तों के बीच 0.927 किलोमीटर लंबी निम्नदाब लाइन का विस्तार किया। गांव की जरूरत पूरी करने के लिए 25 KVA का नया ट्रांसफार्मर भी लगाया गया। इससे अब हर घर में निर्बाध बिजली आपूर्ति शुरू हो गई है।

**कलेक्टर और एमडी के निर्देश पर काम पूरा :** यह कार्य कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल और CSPDCL के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के विशेष निर्देश पर पूरा हुआ। प्रोजेक्ट को कार्यपालक निदेशक शैलेट और अधीक्षण अभियंता कंवर के मार्गदर्शन में धरातल पर उतारा गया। अधिकारियों के नियोजन और तकनीकी पयर्वेक्षण से कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद काम समय पर हुआ।

**शिक्षा और सुरक्षा में होगा सुधार :** बिजली पहुंचने से लछना झिरिया के बच्चों की पढ़ाई आसान होगी। रात में सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी। 29 लाभार्थी परिवारों ने इस सौगात के लिए कलेक्टर, एमडी और विद्युत विभाग के अधिकारियों का आभार जताया है। प्रशासन का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप अंतिम छोर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का संकल्प प्राथमिकता पर है।

## कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन में जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का प्राथमिकता से त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन में नागरिक उम्मीद लेकर आते हैं। उनकी समस्याओं का नियमानुसार समाधान कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। जनदर्शन में सीमांकन, नामांतरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, भू-अर्जन, अवैध अतिक्रमण हटाने, नजूल, पेंशन और राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त कराने समेत कई आवेदन मिले। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी बमौजूद रहे।



## भोरमदेव कॉरिडोर के बेस स्ट्रक्चर का काम प्राथमिकता के साथ समय सीमा में करें पूरा - उप मुख्यमंत्री शर्मा



नई दृष्टिबिंदु / कबीरधाम

जिले के भोरमदेव मंदिर परिसर में निर्माणाधीन कॉरिडोर का निर्माण कार्य जारी है। कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को बेस स्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के सभी हिस्सों में ग्राउंड वर्क और मूलभूत निर्माण कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे होना चाहिए।

भोरमदेव मंदिर प्रांगण में आयोजित समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पिछली बैठक के बाद से प्रत्येक सोमवार को हो रही प्रगति समीक्षा, फील्ड पर हुए कार्य और आगामी कायर्योजना की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी और इसके लिए ठेकेदारों को पर्याप्त मैन पावर एवं मशीनरी तैनात करनी होगी। बैठक में पर्यटन विभाग के इंजीनियरों को निर्देश दिए गए कि वे निर्माण एजेंसियों को सभी तकनीकी पहलुओं में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, ताकि कार्य की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जा सके।

समीक्षा के दौरान मंदिर परिसर, सरोवर, मड़वा महल, छेरकी महल तथा सरोदा डैम से जुड़े निर्माण कार्यों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री ने आगामी बारिश को ध्यान में रखते हुए सरोवर क्षेत्र में कार्यों की योजना बनाने के निर्देश दिए। वहीं सरोदा डैम स्थित प्रस्तावित कैफेटेरिया को व्यू पॉइंट के रूप में विकसित करने तथा वहां पर्यटकों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पर्यटन कॉरिडोर के खंभों, दीवारों और प्रवेश द्वारों में फणी नागवंशी स्थापत्य शैली की कलाकृतियों को प्रमुखता से शामिल किया जाए, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक प्राचीन स्थापत्य परंपरा का अनुभव कर सकें। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को इस विषय में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। बैठक में पूरे परिसर में जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्रीकृत पानी टंकी निर्माण के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री ने इसके लिए उपयुक्त स्थल चयन और आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण सदस्य भगत पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष बोड़ला नंद श्रीवास, कलेक्टर गोपाल वर्मा, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, रामकिंकर वर्मा, विजय पाटिल, उमंग पाण्डेय, मनीराम साहू, लोकचंद साहू, रूपसिंह धुर्वे, रूपसिंह मरावी, रामजी मरावी, काशीराम उइके, आदित्य श्रीवास्तव, भूखन साहू, हेमचंद्र चंद्रवंशी, मिलूराम साहू, परदेशी पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पद्मश्री फूलबासन यादव से की मुलाकात

### सुरक्षा के दिए निर्देश, पुलिस की तत्परता की सराहना

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को ग्राम चवेली पहुंचे और पद्मश्री फूलबासन यादव से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने उनके साथ हुई अप्रिय घटना की जानकारी ली और पुलिस की सक्रियता से जीवन सुरक्षित होने की बात कही।

**सुरक्षा के निर्देश :** डॉ. रमन सिंह ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को पद्मश्री फूलबासन यादव की सुरक्षा के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लाखों महिलाओं को स्वसहायता समूह से जोड़कर रोजगार देने वाली फूलबासन यादव के साथ हुई घटना चिंताजनक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार हर जरूरत पर मदद करेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने पुलिस विभाग की तत्परता और सक्रियता की प्रशंसा की।



**आगे भी करती रहेंगी काम :** पद्मश्री फूलबासन यादव ने डॉ. रमन सिंह का आभार जताया। उन्होंने पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताया और कहा कि वे आगे भी गांव के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए काम करती रहेंगी। इस दौरान कोमल सिंह राजपूत, भावेश बैद, सुमीत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## गांजा तस्करी पर पुलिस ने की कार्रवाई दो अलग मामलों में 5 किलो गांजा बरामद



नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

थाना घुमका पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से कुल 5 किलो गांजा कीमत 50 हजार रुपये और दो हीरो स्प्लेंडर बाइक जब्त की गई हैं।

**पुलिस को देखकर भागने की कोशिश :** मुखबिर से सूचना मिली कि 12 मई को गोपालपुर गिधवा रोड और हरडुवा से घुमका की ओर दो व्यक्ति काले रंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक से गांजा लेकर जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी विजय मिश्रा के नेतृत्व में टीम बनाकर मोबाइल चेक पोस्ट लगाया गया। जांच के दौरान मुखबिर के बताए अनुसार दो बाइक सवार आए। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया।

**ऐसे छिपाया था गांजा :** पहले आरोपी दीपक पटेल उम्र 50 वर्ष निवासी भटगांव थाना घुमका के बाइक की डिक्की में थैले के अंदर 2 पैकेट में 2 किलो 58 ग्राम गांजा मिला। दूसरे आरोपी देव कुमार साहू उम्र 24 वर्ष निवासी पटेवा हाल सिवनीखुर्द के पिट्ठू बैग में 2 पैकेट में 2 किलो 946 ग्राम गांजा मिला। दोनों से कुल 5 किलो गांजा बरामद हुआ।

**1.90 लाख का सामान जब्त :** पुलिस ने गांजा कीमत 50 हजार रुपये और दोनों पुरानी हीरो स्प्लेंडर बाइक कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपये जब्त की। कुल जप्ती 1 लाख 90 हजार रुपये की हुई।

आरोपियों के खिलाफ थाना घुमका में अपराध क्रमांक 59/2026 और 60/2026 धारा 20(b)(ii)(b) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। विवेचना के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक विजय मिश्रा, सउनि कोदूराम नागवंशी, प्रआर विजय राज सिंह, टीकाराम पटेल, आरक्षक हिरेन्द्र देशमुख, सीपी साहू, दुर्गेश साहू और ताकेश्वर साय की भूमिका रही।

## भंवरमरा में अवैध रेत भंडारण पर हुई कार्रवाई



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को राजनांदगांव विकासखंड के ऑक्सीजन जोन भंवरमरा में अवैध रेत भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि अविनाश सोनी द्वारा शिवनाथ नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर भंडारित की गई थी। मौके पर करीब 40 से 50 ट्रिप ट्रैक्टर-ट्रॉली के बराबर रेत मिली। टीम ने रेत को तुरंत जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान मौके से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर मशीन भी जब्त की गई। जब्त वाहनों को वैधानिक कार्रवाई के लिए पुलिस थाना सुरगी में सुरक्षित रखा गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन में लगे लोगों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध गतिविधि मिलने पर नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार, 30 पौवा शराब जब्त

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ पुलिस और स्पेशल टीम ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कोचिया को पकड़ा है। आरोपी के पास से 30 पौवा देशी शराब और बिक्री के 300 रुपये बरामद हुए। उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

11 मई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम ढारा में दबिश दी। वहां राजेन्द्र वर्मा पिता घनश्याम वर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी ढारा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 15 पौवा शोले देशी प्लेन और 15 पौवा रोमियो देशी प्लेन, कुल 30 पौवा शराब मिली। जब्त शराब की मात्रा 5.400 बल्क लीटर और कीमत करीब 2400 रुपये है।



पुलिस ने शराब और बिक्री रकम जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। शराब कोचियों के लिए बनाई गई स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में सीएसपी वैशाली जैन, डीएसपी केशरीनंदन नायक और इंस्पेक्टर विनय पम्मार शामिल थे।

## नाबालिग से छेड़छाड़, 8वीं बटालियन का आरक्षक गिरफ्तार

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

थाना लालबाग पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में 8वीं बटालियन के आरक्षक श्रवण भारती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर बीएनएस की धारा 74, 75(1)(प) और पॉक्सो एक्ट की धारा 7, 8 के तहत कार्रवाई की गई है।

### घर में की अश्लील हरकत

पुलिस के अनुसार 11 मई को पीड़िता की नाबालिग बेटी टीवी रिचार्ज का पैसा देने आरोपी श्रवण भारती के घर गई थी। आरोप है कि आरोपी ने घर में नाबालिग के साथ अश्लील हरकत की और जबरन गलत काम करने की कोशिश की। घटना के समय पीड़िता की एक और नाबालिग बेटी भी वहां मौजूद थी। प्राथिर्या की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 198/2026 दर्ज किया गया।



पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को 12 मई को गिरफ्तार किया। आरोपी श्रवण भारती उम्र 36 वर्ष, पिता बसावन राम भारती, मूल निवासी ग्राम बगेंद थाना करीमुद्दीननगर जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश का है।

वर्तमान में वह 8वीं बटालियन पेंड्री के क्वार्टर नंबर क-2 में रहता है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक गीतांजली सिन्हा, सउनि ए.पी. शीला, प्रआर प्रभात तिवारी और आरक्षक कमल किशोर यादव की भूमिका रही। मामले की विवेचना जारी है।

## खेलो इंडिया सेंटर में हॉकी जर्सी का अनावरण, महापौर बोले : अनुशासन से ही बनते हैं खिलाड़ी

### राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हाई मास्क लाइट लगाने की घोषणा

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से संचालित खेलो इंडिया सेंटर में मंगलवार को हॉकी खिलाड़ियों की नई जर्सी का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि अनुशासन में रहकर खेलने से ही खिलाड़ी आगे बढ़ते हैं।

### साल में दो बार मिलती है प्लेइंग किट

खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव में पिछले 3 वर्षों से संचालित है। यहां प्रशिक्षण ले रहे 75 बालक और बालिका हॉकी खिलाड़ियों को शासन की ओर से साल में दो बार प्लेइंग किट दी जाती है। इसी क्रम में आज किट वितरण किया गया।

### एस्ट्रोटर्फ बदलने और लाइट लगाने की घोषणा

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खेल को बढ़ावा दे रही है। बहुत जल्द अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ को बदलने का काम होगा। छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी की मांग पर उन्होंने स्टेडियम में हाई मास्क लाइट लगवाने की भी घोषणा की।



श्री यादव ने कहा कि जर्सी टीम की पहचान के साथ खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक है। उन्होंने खिलाड़ियों से मेहनत और समर्पण के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन का आह्वान किया।

### सुबह बालिका वर्ग की जर्सी का अनावरण

कार्यक्रम में सुबह बालिका वर्ग की जर्सी का अनावरण पूर्व राज्य युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने किया। उन्होंने कहा कि जर्सी के रंग और डिजाइन में टीम का अनुशासन और जज्बा झलकता है। जर्सी याद दिलाती है कि मैदान पर कोई बड़ा या छोटा नहीं होता। जीत व्यक्तिगत कौशल से नहीं, सामूहिक प्रयास से मिलती है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सहायक निदेशक खेल ए एक्का, छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, पार्षद सावन वर्मा, छोटेलाल रामटेके, मनोहर यादव, जिला हॉकी संघ सचिव शिव नारायण धकेता, नीलम जैन, भूषण साव, महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रिंस भाटिया, गुणवंत पटेल, अनुराज श्रीवास्तव, चेतन भानुशाली, राजिक सोलंकी, साई कोच परमजीत सिंह, समृति देवी, खेलो इंडिया हॉकी कोच शकील अहमद सहित वरिष्ठ खिलाड़ी और पदाधिकारी मौजूद थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** थाना डोंगरगढ़ पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में 50 वर्षीय आरोपी सरज पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर बीएनएस की धारा 137(2), 64(2)( ), 65(1), 126 और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 11 मई को प्रार्थी ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि आरोपी सरज पटेल पिता पिरमू पटेल निवासी ग्राम बधियाटोला डोंगरगढ़ ने उनकी नाबालिग बेटी को खाने का लालच देकर बधिया टोला स्कूल ले गया। वहां आरोपी ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत की और जबरन गलत काम करने की कोशिश की। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 254/2026 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को 12 मई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले की विवेचना जारी है।

# छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय गौरव : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के उत्कृष्ट रखरखाव में देश में मिला दूसरा स्थान

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रजत जयंती समारोह में राज्य को किया सम्मानित

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश के सीहोर (भेरूंदा) में आयोजित रजत जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ को ग्रामीण सड़कों के उत्कृष्ट रखरखाव और संधारण के लिए देश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने और उनके दीघर्कालीन रखरखाव के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### केंद्रीय मंत्री द्वारा सम्मान

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई केंद्रीय राज्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राज्य की ओर से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह तथा प्रमुख अभियंता केके कटारे ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।




### सफलता के मुख्य कारकर पारदर्शिता और ई-गवर्नेंस

छत्तीसगढ़ को यह सम्मान रखरखाव (पोस्ट डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड) श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिला है। राज्य की इस सफलता के पीछे निम्नलिखित प्रमुख कारण रहे। ई-गवर्नेंस आधारित इस पोर्टल के माध्यम से सड़कों की निगरानी और ठेकेदारों के भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया। दोष दायित्व अवधि के बाद भी सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग सिस्टम। यह अवार्ड राज्य में सड़कों की गुणवत्ता, सुशासन और बेहतर ग्रामीण कनेक्टिविटी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### आंकड़ों में छत्तीसगढ़ की उपलब्धि

सड़क नवीनीकरण वर्ष 2010-11 से अब तक 32 हजार किमी लंबी 8,881 सड़कों का नवीनीकरण किया गया, जिस पर 4,040 करोड़ रुपये व्यय हुए। वतर्मान में 5 वर्ष की संधारण अवधि के तहत 1,157 किमी और 5 वर्ष के बाद की श्रेणी में 12 हजार किमी से अधिक सड़कों का नियमित संधारण किया जा रहा है। जनमन सड़कें देश की कुल जनमन सड़कों का 38 प्रतिशत हिस्सा (2900 किमी) छत्तीसगढ़ में है, जिसमें से 1 हजार 760 किमी का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, जो देश में सर्वाधिक है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकासरू पिछले एक वर्ष में बस्तर संभाग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में 52 नई सड़कों का निर्माण पूरा किया गया।

### शत-प्रतिशत लक्ष्य की ओर

छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित ग्रामीण सड़कों के उत्कृष्ट रखरखाव और गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ राज्य ने पीएमजीएसवाई-1 के तहत 98 प्रतिशत और पीएमजीएसवाई-2 व 3 के तहत 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिए हैं।

# केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान आज से छत्तीसगढ़ प्रवास पर

## ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा एवं पंचायत प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों से करेंगे संवाद



नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

भारत सरकार के ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान 13 एवं 14 मई 2026 को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान वे ग्रामीण विकास मंत्रालय अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा ग्रामीण विकास से जुड़े जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं हितग्राहियों से संवाद करेंगे। श्री पासवान 13 मई को राज्य स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) सहित ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

इसके साथ ही वे वीबी-जी राम जी से संबंधित तैयारियों एवं ग्राम पंचायतों में संचालित ग्रामीण विकास गतिविधियों की भी जानकारी लेंगे। श्री पासवान प्रवास के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिसमें ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री पासवान 14 मई को ग्रामीण विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं नवाचारों का अवलोकन कर लाभाथिर्यों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे स्व-सहायता समूहों की महिलाओं एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से सीधे संवाद करेंगे।

# पीएम की अपील को चेम्बर ने बताया सामूहिक जिम्मेदारी



## अजय भसीन बोले - ऊर्जा बचत से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

नई दृष्टिबिंदु / भिलाई

पेट्रोल-डीजल संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने समर्थन किया है। चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि राष्ट्रीय हित में ऊर्जा संसाधनों की बचत हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह अपील सिर्फ आर्थिक बचत के लिए नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में अहम कदम है।

श्री भसीन ने व्यापारियों और नागरिकों से अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए सामूहिक यात्रा और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। अधिकतम बैठकें ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएं।

**छोटे संकल्प से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था :** उन्होंने कहा कि ऊर्जा की बचत, एक वर्ष तक स्वर्ण आभूषणों की खरीद से परहेज, खेती में प्राकृतिक खाद का प्रयोग और खाद्य तेल का संयमित उपयोग जैसे छोटे संकल्प देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। छत्तीसगढ़ के व्यापारी हमेशा राष्ट्रहित में आगे रहे हैं। वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प हर नागरिक के योगदान से ही सफल होगा।

श्री भसीन ने विश्वास जताया कि राज्य की जनता प्रधानमंत्री के आह्वान को जन आंदोलन का रूप देगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इस अवसर पर भिलाई दल से सुनील मिश्रा, देवेंद्र सिंह बरहा, मनोहर कृष्णानी, चिन्ना राव, शंकर सचदेव, राजेश शर्मा, विनय सिंह, दर्शन खटवानी, उत्तम जैन, रितेश अग्रवाल, पवन जिंदल प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# राजनांदगांव में अधूरे अंडरब्रिज को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

## आसिफ अली के नेतृत्व में धरना, रेलवे ने अक्टूबर तक काम शुरू करने का दिया लिखित आश्वासन

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

शहर के बहुप्रतीक्षित अधूरे रेलवे अंडरब्रिज निर्माण को लेकर कांग्रेस नेता आसिफ अली के नेतृत्व में मंगलवार को रेलवे स्टेशन परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन हुआ। जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों और पटरी पार के सैकड़ों नागरिकों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अधूरे निर्माण को लेकर जनता में भारी आक्रोश दिखा। कांग्रेस नेता आसिफ अली ने बताया कि इससे पहले 29 जनवरी और 16 अप्रैल को भी स्टेशन में धरना देकर ज्ञापन सौंपा गया था। दोनों बार रेलवे ने शीघ्र काम शुरू करने का आश्वासन दिया, पर निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसी वादाखिलाफी से नाराज होकर आज फिर बड़ा आंदोलन किया गया।



**अधिकारियों से तीखी बहस, लिखित आश्वासन मिला :** धरने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल की मौजूदगी में आसिफ अली की खंड अभियंता, स्टेशन प्रबंधक, वाणिज्य निरीक्षक समेत रेलवे अधिकारियों से तीखी बहस हुई। आसिफ अली ने कहा कि हजारों लोग रोज इस मार्ग से गुजरते हैं। जाम और दुर्घटनाएं हो रही हैं, फिर भी रेलवे गंभीर नहीं है। बहस के बाद रेलवे अधिकारियों ने मंडल रेल प्रबंधक की ओर से लिखित पत्र सौंपा। इसमें अधिकतम अक्टूबर माह तक निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही नागपुर डीआरएम से आसिफ अली की भेंट कराने का भरोसा भी दिलाया।

आसिफ अली ने कहा कि लिखित आश्वासन के बाद भी अक्टूबर से पहले काम शुरू कराने के प्रयास जारी रहेंगे। श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि रेलवे और भाजपा जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से जनता परेशान है। जब तक अंडरब्रिज पूरा नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा।

**"ट्रिपल इंजन सरकार जनता को भूल गई" – आसिफ अली :** आसिफ अली ने भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सांसद संतोष पांडेय, विधायक डॉ. रमन सिंह और महापौर मधुसूदन यादव के बावजूद जनता की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। ट्रेन स्टॉपेज पर वाहवाही लूटने वाले सांसद इस गंभीर मुद्दे पर मौन हैं। केंद्र में सरकार होने के बावजूद अंडरब्रिज अधूरा है। उन्होंने चुनौती दी कि सांसद केंद्र से तत्काल आदेश जारी करवाकर काम शुरू कराएं।

धरने में पार्षद छोटेलाल रामटेके, झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवंशी, मनीष साहू, सैय्यद अफजल, अब्बास खान, मंडल अध्यक्ष हनीफ खान, विशाल गढ़े, आशीष बाजपेयी, राहुल देवांगन, शेख अनीश, नरेंद्र सिन्हा समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और पटरी पार के नागरिक मौजूद रहे।

# सुशासन तिहार में बांटी गई दवाएं मानक के अनुरूप, स्वास्थ्य विभाग ने दूर की भ्रांतियां

## जिंक सल्फेट टेबलेट की एक्सपायरी 31 मई तक, प्रशासन ने कहा : भ्रामक जानकारी से बचें




नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग

भिलाई में सुशासन तिहार के दौरान दवाओं के वितरण को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। जांच में पाया गया कि शिविर में बांटी गई जिंक सल्फेट टेबलेट बैच नंबर आरटी 24175 पूरी तरह मानक और सुरक्षित है।

**31 मई तक उपयोग योग्य =** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की जांच रिपोर्ट के मुताबिक दवाओं पर एक्सपायरी मई 2026 दर्ज है। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स 1945 के नियम 109(1)(सी) के तहत जिस दवा पर मई 2026 लिखा है, उसे 31 मई 2026 तक सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है।

**3 टेबलेट ही बांटी गई =** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर हुई जांच में सामने आया कि सिविल अस्पताल सुपेला ने ओपीडी के जरिए केवल 3 टेबलेट का वितरण किया था। ये टेबलेट पूरी तरह उपचार अवधि के भीतर थीं। जांच अधिकारी डॉ. राजकुमार नायक और फार्मासिस्ट रमन प्रसाद गंधर्व ने दवाओं की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया को सही बताया है।

**प्रशासन की अपील =** प्रशासन ने कहा कि इस स्पष्टीकरण से नागरिकों के बीच फैले अंदेशे दूर हो गए हैं। विभाग ने जनता से भ्रामक जानकारियों से सावधान रहने की अपील की है। साथ ही भरोसा दिलाया कि सरकारी शिविरों में बांटी जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता है।












"यह समाचार पत्र आलोक तिवारी द्वारा 80/बी, मैत्री विहार, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, जिला दुर्ग, (छत्तीसगढ़)-490023 से आलोक तिवारी की ओर से प्रकाशित की जाती है, जिसका संपादन आलोक तिवारी द्वारा किया जाता है तथा इसका मुद्रण समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स द्वारा प्लॉट नं. 339/6, गली नं. 02, पाटन, थाना उतई, दुर्ग, (छ.ग.)-491111 पर किया जाता है। (समाचार चयन के लिए PRP Act, 2023 के तहत संपादक जिम्मेदार है)। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र दुर्ग होगा।" संपादक आलोक तिवारी, मो. 74154-69100